डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12



वैशाख शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 18 मई 2024, वर्ष-30, अंक-209, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



आइए गर्व के साथ मतदान करें

मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

## मुझे जनता का जो प्यार मिल रहा है, वह हेमंत की कमाई : कल्पना

**रांची।** कल्पना मुर्मू सोरेन ने पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद 4 मार्च को राजनीति में धमाकेदार एंट्री की। तब से ढाई महीनों में वह झारखंड में इंडिया गठबंधन का प्रमुख चेहरा बन गई हैं। वह गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी हैं, लेकिन स्टार प्रचारक के तौर पर पूरे राज्य का दौरा कर रही हैं। राज्य की 14 सीटों पर गठबंधन की ओर से चलाए जा रहे चुनावी अभियान में कल्पना सोरेन ने खुद को दिन-रात झोंक रखा है। इसी व्यस्तता के बीच उन्होंने आईएएनएस से कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

**सवाल :** पति के जेल जाने के करीब डेढ़ महीने बाद कल्पना सोरेन 4 मार्च, 2024 को राजनीति में एंट्री का ऐलान करती हैं। इसके ठीक तीन महीने बाद 4 जून को जब चुनाव के रिजल्ट आएंगे, तब कल्पना सोरेन झारखंड की जनता के सामने किस रूप में होंगी?

**जवाब :** आप खुद देख रहे होंगे कि कल्पना सोरेन जिस दिन से सामाजिक-राजनीतिक जीवन में आई है, उसी दिन से इसपर जनता प्यार की बारिश कर रही है। कल्पना को जो प्यार मिल रहा है, वह हेमंत सोरेन के त्याग और संघर्षों की कमाई है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि लोग उसमें अपनी बहन, बेटी, बहू, दीदी की छवि देख रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि 4 जून को गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के सहयोग-समर्थन की बदौलत मैं झारखंड विधानसभा के लिए उनकी निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाऊंगी। मेरे लिए यह बहुत बड़ा सौभाग्य होगा। विधानसभा के आने वाले मानसून सत्र में मैं सदन में उनकी आवाज रखने वाली मेंबर के रूप में मौजूद रहूंगी।

**सवाल :** कुछ राजनीतिक पंडित भविष्यवाणी कर रहे हैं कि 4 जून को विधायक बनने के बाद कल्पना सोरेन के पास झारखंड के सीएम की कुर्सी भी होगी।



**जवाब :** यह बिल्कुल हाइपोथेटिकल सवाल है। मेरी प्राथमिकता अभी गांडेय विधानसभा उपचुनाव और राज्य की 14 लोकसभा सीटों का चुनाव है।

**सवाल :** हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में क्या झारखंड में इंडिया गठबंधन का चुनावी अभियान प्रभावित हुआ है?

**जवाब :** हेमंत सोरेन को चाहने वाले राज्य के करोड़ों लोग उन्हें मिस कर रहे हैं। उनकी जगह तो कोई भी नहीं ले सकता। उनके रहने से हर व्यक्ति खुद को मजबूत महसूस करता है। हेमंत है तो हिम्मत है का नारा जनता की भावनाओं से ही उपजा है। जनता जानती है कि हेमंत को झूठे आरोपों और साजिशों के तहत जेल भेजा गया है, इसलिए एक-एक व्यक्ति खुद को हेमंत के रूप में देख रहा है। मैं उनकी प्रतिनिधि के रूप में और पार्टी की सिपाही के रूप में लोगों के बीच उनकी ही बातें रख रही हूं।

**सवाल :** ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। उनके खिलाफ ट्रायल भी शुरू कराने की तैयारी हो गई है। आप क्या सोचती हैं इस पूरे प्रकरण पर?

**जवाब :** मैं क्या, झारखंड राज्य की पूरी जनता जानती है कि हेमंत जी को जबरन फंसाया गया है। जिस जमीन के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उसके मालिक हेमंत किसी हाल में हो ही नहीं सकते। ईडी एक भी कागज या एक भी सबूत नहीं दे पाई है कि यह जमीन हेमंत जी की है। आप कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डालते हैं और फिर उनके मुंह में अपनी जुबान डालकर कहते हैं कि जमीन हेमंत की है।

**सवाल :** झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस और उनसे जुड़े लोगों के घर से करोड़ों की रकम मिली है। अब तो मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर लिया गया। क्या यह भ्रष्टाचार नहीं है?

**जवाब :** एक बात साफ कर दूं कि अगर कहीं किसी तरह का भ्रष्टाचार है तो हम उसका समर्थन कभी नहीं करते। खुद हेमंत का भ्रष्टाचार पर हमेशा सख्त रुख रहा है। अब इस मामले में सच क्या है, इसकी जांच होने दीजिए। मंत्री पर क्या आरोप लगाया गया हैं और उन्हें किस आधार पर गिरफ्तार किया गया है, सारी बातों शेष पृष्ठ 11 पर

## चर्चा में हैं निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक, मुकाबला बना दिलचस्प



**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में 20 अप्रैल को मतदान होना है। भाजपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में धुआंधार प्रचार अभियान स्टार प्रचारक चला रहे हैं। ऐसे में भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के अलावा एक-दो उम्मीदवार ऐसे हैं। जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने में बहुत हद तक सफल रहे हैं। हलांकि यह तो अपने वाला दिन ही स्पष्ट हो पायेगा कि जनता के नजदीक कौन पहुंच पाया है। मगर वर्त्तमान राजनीति शतरंज की विसात जिस तरह से बिछी है उसमें शह मात की जो चाल चलती आ रही है। उससे चतरा संसदीय सीट का मुकाबला अति दिलचस्प हो गया है। चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। प्रत्याशियों के हृदय तेजी से धड़कने लगे हैं। प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी गयी है। भाजपा के कालीचरण सिंह व कांग्रेस के के एन त्रिपाठी समेत सभी प्रत्याशी खुद की प्रासंगकिता सिद्ध करते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का दमदार तरीके से चुनावी रण भूमि में उतरना कठिन चुनौती से कम नहीं है। यह स्थिति चतरा संसदीय सीट पर मुकाबले को दिलचस्प बना देते हैं। चतरा सीट पर इस बार 9 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अब तक के इतिहास शेष पृष्ठ 11 पर

## आलमगीर ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

- मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए राज्यपाल को उन्हें हटाने के लिए पत्र लिखा है
- ईडी ने आलमगीर आलम को जेल से लिया रिमांड पर, पएस के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफ दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित आलमगीर आलम को ईडी ने 15 मई की देर शाम गिरफ्तार किया था। दरअसल, आलमगीर के पीएस के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35 करोड़ बरामद किए थे। इसे लेकर ईडी ने दो दिनों तक इनसे पूछताछ की थी। आलमगीर आलम 35 करोड़ रुपये की बरामदगी के मामले में ईडी को सही जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मंत्री आलमगीर आलम को कड़ी सुरक्षा के बीच 16 मई को रांची स्थित प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने आलमगीर आलम को 10 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी, जिसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। पेशी के बाद आलमगीर आलम को ईडी ने होटवार जेल पहुंचा दिया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी। मालूम हो कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।



### बरामद कैश व कमीशन के स्ट्रक्चर पर पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) से रिमांड पर ले लिया है। ईडी की टीम मंत्री आलमगीर को लेकर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी के अधिकारी उनसे टेंडर कमीशन सहित अन्य मामले में पूछताछ करना है। आलमगीर आलम शुक्रवार से अगले छह दिनों तक ईडी के रिमांड पर रहेंगे। इसके बाद रिमांड खत्म होने पर ईडी उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर सूत्रों ने बताया कि आलमगीर आलम को उनके पीएस संजीव लाल के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। इसमें मुख्यतः बरामद कैश व कमीशन के स्ट्रक्चर पर पूछताछ हो रही है।

## गृह मंत्री अमित शाह का राजधानी में भव्य रोड शो

- जयश्री राम के नारों से गुंजी राजधानी
- महिलाओं और युवाओं में दिखा भारी उत्साह
- बनारस के पुरोहितों ने की गंगा आरती

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने झारखंड दौरे के दौरान रांची के चुटिया में रोड शो किया। खुली जीप पर अमित शाह के साथ भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी सवार थे। रोड शो में राजधानी की जन सैलाब उमड़ पड़ी थी, सड़क के दोनों ओर गृह मंत्री को देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद थी, इस दौरान जम कर जय श्री राम के नारे लगे। भारी भीड़ को देख कर गृह मंत्री भी काफी गदगद थे और अपने खास अंदाज से लोगों का अभिवादन कर रहे थे, गृह मंत्री कभी हाथ जोड़ कर , तो कभी हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया और जनता पर कमल फूल की पंखुडिया बरसायी।



गृह मंत्री का रोड शो चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से शुरू हुई। रोड शो के मार्ग में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्साह दिखा । लोगों ने रोड शो में राम दरबार सजाया और गंगा आरती की। गंगा आरती करने के लिए बनारस से पुरोहित बुलाए गए थे। अमित शाह के रोड शो को लेकर जोरदार तैयारी की गयी थी। चुटिया में सड़कों के किनारे न सिर्फ भाजपा के झंडे लगाए गए थे, बल्कि अन्य साज-सज्जे भी किए गए थे। इससे इलाके की रौनक बढ़ गयी थी। बता दें कि 3 मई के शाम को रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रोड शो में शामिल हुए थे। अमित शाह के रोड शो के दौरान सुरक्षा को लेकर मार्ग के दोनों ओर ऊंचे भवनों में पुलिस की तैनाती की गयी थी और रास्ते में दोनों ओर से बैरिकेडिंग की गयी थी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं हो। कार्यक्रम के बाद अमित शाह शाम 7 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## झामुमो ने सीता व लोबिन को पार्टी से किया छह वर्षों के लिए निष्कासित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शुक्रवार को सीता सोरेन को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। वहीं बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम को भी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। सीता सोरेन के संबंध में झामुमो अध्यक्ष की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि 19 मार्च को पार्टी और पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन गंभीर आरोप लगाते हुए आपके ओर से पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए इस्तीफे को स्वीकार करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही आपके द्वारा दुमका लोकसभा क्षेत्र से नामांकन किया गया। यह शेष पृष्ठ 11 पर





## समय मांगने पर राहुल गांधी पर हाईकोर्ट ने लगाया एक हजार रुपये का जुर्माना

**रांची।** मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी। यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इस बयान के खिलाफ भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, जिस पर उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद 27 फरवरी, 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ राहुल गांधी ने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय ने बहस की।



## ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज कराएं : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थी गोपाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। दरअसल, गोपाल ने हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर आग्रह किया था कि उसने ओएमआर शीट में कई सवालों के जवाब दिये थे। इसके बावजूद उसे जान बूझकर असफल घोषित कर दिया गया। अदालत ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान ओएमआर शीट देखने के बाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिट पिटीशन और ओएमआर शीट को सील कर प्रार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट में पेश की गयी ओएमआर शीट और जेपीएससी द्वारा पेश की गयी ओएमआर शीट में काफी अंतर था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि याचिकाकर्ता ने जो ओएमआर शीट पेश की थी उसमें छेड़छाड़ हुई है। इस मामले शेष पृष्ठ 11 पर

### सेंसेक्स

73,917.03 +253.31

### डॉलर

83.313 -0.163

### पलामू सर्राफा

10 ग्राम: 73,860

01 किलो: 89,790

### आज के मैच

समय : 7:30 बजे से

स्थान : मुम्बई

## एक नजर

### राज्य में दूसरे चरण का मतदान 20 को

**रांची।** देश के पांचवें व राज्य के दूसरे चरण का मतदान 20 मई को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। दूसरे चरण में झारखंड के चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। इसे लेकर शनिवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। 20 मई की सुबह सात बजे से होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी को 18 मई और 19 को रवाना किया जाएगा। इस चरण में 4589 लोकेशन में 6705 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### स्वाति मालीवाल ने तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया बयान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर हुए कथित हमले के मामले में शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायनी शर्मा कंडवाल ने अपने कक्ष में मालीवाल का बयान दर्ज किया। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत, एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास बयान या कबूलनामे को रिकॉर्ड करने का अधिकार है।

### आज कल




## उद्योग में बदलते कोचिंग और पब्लिक स्कूल और पिछड़ते सरकारी स्कूल



सुनील बादल

कभी विद्या दान की बात करने वाले देश में शिक्षा को व्यवसाय बनाने के लिए मोटी तनख्वाह लेकर रिजल्ट नहीं देने वाले शिक्षक जिम्मेदार हैं या उद्योग का रूप ले चुके कोचिंग और पब्लिक स्कूल?

हाल ही में पलामू के एक उपायुक्त चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक स्कूल पहुंचे तो वहां की पढ़ाई का स्तर देख कर बहुत नाराज हुए क्योंकि बच्चे उनके किसी भी आसान सवाल का जवाब नहीं दे पाए। ऐसा ही हुआ था जब एक दशक पूर्व झारखंड के शिक्षा सचिव एके सिंह बोकारो के स्कूल में एक युवा को पढ़ाता देखकर खुश हुए पर पूछताछ से पता चला कि वह भाड़े का शिक्षक है असली गुरु जी तो आते ही नहीं । सातवें वेतन आयोग के बाद किसी भी स्कूल से अधिक वेतन पाने वाले ये सरकारी शिक्षक अपने ही बच्चों को सरकारी विद्यालयों में न पढ़ाकर पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं । कभी जनगणना तो कभी पशु गणना करने वाले सरकारी शिक्षकों में पारा शिक्षक,शिक्षा मित्र जैसे प्रयोगों से पढ़ाई पिछड़ती गई और बिहार झारखंड में सबसे बड़े उद्योग के रूप में अंग्रेजी स्कूलों और कोचिंग का व्यवसाय उभरा है। जिस तरह सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते हैं उसी तरह कई शिक्षक निजी कोचिंग संस्थानों में भी नियमित पढ़ते हैं। यही हाल राष्ट्रीय स्तर पर है शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023, ग्रामीण भारत के 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं के बीच शिक्षा के निराशाजनक परिदृश्य पर रोशनी डालती है। पढ़ने के कौशल में आठवीं कक्षा के 30 फीसदी ग्रामीण छात्र दूसरी कक्षा के मानक पाठ नहीं पढ़ सकते। इसी तरह अंकगणित कौशल में आठवीं कक्षा के 55 फीसदी ग्रामीण छात्र बुनियादी भाग करने में असमर्थ थे। जबकि अंग्रेजी समझ एवं कौशल में, आठवीं कक्षा के आधे ग्रामीण छात्र आसान वाक्यों को पढ़ने में असमर्थ थे और जो पढ़ सकते थे, उनमें से लगभग एक तिहाई छात्र अर्थ बताने में असमर्थ थे।स्कूली शिक्षा में सीखने के अपर्याप्त परिणामों को देखते हुए समकालीन भारत में कोचिंग संस्थानों का विस्तार होना स्वाभाविक है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2022 ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक के 30.5 फीसदी ग्रामीण छात्र सशुल्क निजी कोचिंग कक्षाएं ले रहे थे। स्कूली शिक्षा में मूलभूत कौशल और गहन सोच कौशल की कमी के कारण निजी कोचिंग पर निर्भरता जरूरी हो गई है। जैसे-जैसे छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, कोचिंग पर निर्भरता बढ़ती जाती है। भारत एक कोचिंग राष्ट्र में बदल गया है, न केवल महानगरीय शहरों में, बल्कि छोटे शहरों में भी।सरकारी नौकरियों की इच्छा, जो सामाजिक सुरक्षा के साथ आती है, शायद ग्रामीण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए यही एकमात्र रास्ता हो। भारत के 91 फीसदी कार्यबल अनौपचारिक रोजगार में है, जिसे सामाजिक बीमा के बिना रोजगार के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात वृद्धावस्था पेंशन, मृत्यु/विकलांगता बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ इत्यादि से वंचित रोजगार। प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अंग्रेजी कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कोचिंग अपरिहार्य हो जाती है। माता-पिता की उम्मीदें ऊंची बनी हुई हैं और उम्मीदवारों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। सफलता और विफलता को परिभाषित करने में कोचिंग एक महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकती है। सभ्य गैर-कृषि रोजगार की अनुपलब्धता, रुकी हुई सरकारी नौकरियां और सीमित सरकारी नौकरियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए युवाओं के बीच अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा है, जिसने छात्रों को ट्यूशन और कोचिंग में धकेल दिया है। कुल मिलाकर, शिक्षा का मौलिक अधिकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार में तब्दील नहीं हुआ है, इसलिए निजी ट्यूशन और कोचिंग संस्थान तेजी से बढ़ रहे हैं। कोचिंग संस्थान लंबे समय तक एक अनियमित बाजार बने रहे, और कई शिकायतों और छात्रों की आत्महत्याओं के बाद ही सरकार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आई है। कोचिंग सेंटर का पंजीकरण और विनियमन, 2024 दिशा-निर्देश कोचिंग सेंटरों को भ्रामक वादे करने या सफलता की गारंटी देने से रोकते हैं। हालांकि, इसका उपाय स्कूली शिक्षा, उच्च अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव में सीखने के परिणामों में सुधार करना है। इसके अलावा, हर कोई कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकता और सरकारी नौकरी की आकांक्षा नहीं कर सकता। गैर-औद्योगिकीकरण और संरचनात्मक परिवर्तन के उलट होने की स्थिति में जो कुछ बचा है, वह है गिग इकनॉमी, जो बिना किसी सामाजिक सुरक्षा जाल के कार्यबल को केवल निर्वाह प्रदान करती है। इस प्रकार, समकालीन भारत में नौकरियों को पुनर्जीवित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।यदि सरकार कोचिंग को सरकारी शिक्षा का आसान विकल्प मान रही है तो भी इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ नियम बनाए जाने की आवश्यकता है।



## हेमंत को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं, 21 मई को अगली सुनवाई

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सोरेन ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की भी गुहार लगाई है, लेकिन, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि आज समयाभाव के कारण इस पर विस्तृत सुनवाई नहीं हो सकती। कोर्ट ने याचिका को अगले मंगलवार यानी 21 मई को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मामला सामने लाया गया तो ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने इस पर जवाब के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने जब हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत के संबंध में एएसजी से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था और उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के चार चरण पहले ही खत्म हो चुके हैं।

## एक नजर

### रंजीत ने रक्त उपलब्ध करा कर बचाई बच्चे की जान

**छतरपुर।** खोढ़ी ग्राम के दशरथ यादव के पोता की तबियत खराब होने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कई दिनों से तबीयत खराब था शुक्रवार को अचानक उसकी तबियत ज्यादा खबर होने लगी। इस पर चिकित्सकों ने उसको खून की कमी होना बताया। इस पर रंजीत जायसवाल पूर्व उप प्रमुख सह जिला परिषद प्रतिनिधि छतरपुर झामुमो नेता से परिजनों ने कहा कि बच्चे की हालत काफी खराब है। सदर अस्पताल में ब्लड नहीं मिल पा रहा है। इस पर रंजीत जायसवाल अ+ ब्लड उपलब्ध करा कर बच्चे की जान बचाई।

### सांसद प्रतिनिधि की मां छत पर मिली मृत



**रामगढ़।** सांसद प्रतिनिधि अमरेश जायसवाल की मां शोभा देवी (52वर्ष) पति गिरधारी प्रसाद अपने घर की छत पर मृत पायी गयी। नहाने के लिए छत पर गयी थी। हालांकि अचेत पाकर परिजन शोभा देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उन्हें मृत पाया गया। डेड बॉडी रामगढ़ आवास पर रखा गया है। शनिवार को दाह संस्कार किया जायेगा। निधन के बाद परिवार और पहचान के लोगों में शोक की लहर है।
परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह शोभा देवी नहाने के लिए दो तल्ले मकान की छत पर गयी थी। काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आयी तो उनके पति गिरधारी ढूंढते हुए छत पर गए तो उन्होंने शोभा देवी को गिरकर अचेत पड़ा हुआ पाया। परिवार के सदस्यों ने मिलकर शोभा देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर लाए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शोभा देवी अपने पीछे पति के अलावा तीन बेटे, एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है।

### 29 अप्रैल की रात खैनी कारोबारी संतोष साव को मारी थी गोली

# व्यवसायी की मौत पर ग्रामीण आक्रोशित, थाना का किया घेराव

### एसडीपीओ और थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया

नवीन मेल संवाददाता





**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के खाटिन निवासी व्यवसायी संतोष साहू की गोली लगने के 22 दिनों बाद रिम्स में मौत हो जाने से आक्रोशित व्यवसायियों एवं महिलाओं ने शुक्रवार को छतरपुर में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान करीब एक घंटे तक थाना घेरकर प्रदर्शन किया गया। जुलूस में शामिल लोगों ने एसडीपीओ नौशाद आलम से मुलाकात की। एसडीपीओ और थाना प्रभारी संजय रंजन के आश्वासन के बाद लोगों ने जपला मोड़ से जाम हटाया।
आक्रोश मार्च छत्तरपुर के जपला चौक से होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक निकाला गया। लोग हाथों में तख्तियां लेकर, काला पट्टी बांध कर आन्दोलन में शामिल हुए। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गयी। 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत संतोष को लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
अंतरजातीय शादी से नाराज लड़की के भाइयों ने संतोष साहू (ससुर) को गोली मार दी थी। 29 अप्रैल को खैनी कारोबारी संतोष साव को गोली मारी गई थी। संतोष साव के शरीर में दो गोली लगी थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था, जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स में इलाज चलने के क्रम में गुरूवार को मौत हो गयी थी।
दरअसल, संतोष साव के बेटे ने अंतरजातीय विवाह किया था। शादी के बाद से उसकी बहू के भाई और परिजन नाराज थे। 29 अप्रैल की रात खैनी कारोबारी संतोष साव अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे, इसी क्रम में बहू के भाइयों ने उन्हें गोली मार दी थी। इस वारदात के बाद पुलिस ने गोली मारने के आरोपी आशुतोष कुमार सिंह और रौशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों के पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा और तीन जिंदा गोली बरामद की थी। संतोष सिंह छतरपुर थाना क्षेत्र के कवल कुरकुटा, जबकि रौशन सिंह बिहार के सासाराम के मॉडल थाना क्षेत्र के रहने वाला है।
जुलूस में शामिल व्यवसायी वर्ग, समाजसेवी तथा काफी संख्या में महिलाएं व कई गणयमान्य लोगों ने छत्तरपुर प्रखंड में हो रही अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की तथा घटना में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की। मुख्य मांगों में सन्तोष साहू हत्याकांड की साजिशकर्ता बेबी देवी एवं तीसरे हत्यारे की गिरफ्तारी, वही प्रखंड क्षेत्रों के व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने, 24 घंटे खासकर रात्रि में पुलिस गश्ती के साथ एक टाईगर मोबाइल की टीम होनी चाहिए, जिससे अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।
गुरुवार को रिम्स में संतोष साहू ने लगभग चार बजे अंतिम सांस ली, उसके बाद शुक्रवार की सुबह 11 बजे उनके शव का पोस्टमार्टम करके परिजन को सौंप दिया गया। संध्या में खाटिन घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रदर्शन में समाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि संतोष साहू के निधन से बहुत मर्माहत हूं और पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि घटना में शामिल सभी अपराधियों को और इसके सूत्रधारों को पुलिस गिरफ्तार करे। साथ ही साथ छतरपुर शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवा कर सुरक्षा व्यवस्था की मुकम्मल इंतजाम भी पुलिस करे।

# शौच के लिए निकली नाबालिग से गैंगरेप, चार गिरफ्तार

- घटना 16 मई सुबह की
- छह युवकों ने नाबालिग को पहले कब्जे में लिया
- बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म कर मौके से फरार हो गया

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में शौच के लिए बाहर निकली 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप हुआ। घटना 16 मई की अहले सुबह हुई। पीड़िता द्वारा मामला दर्ज कराते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तार चार आरोपियों को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जबकि पीड़िता की मेडिकल जांच एवं न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया गया।
बताया जाता है कि 16 वर्षीय नाबालिग 16 मई गुरुवार की अहले सुबह घर से बाहर शौच करने के लिए निकली थी। इसी क्रम में किसी शादी समारोह से लौट रहे छह युवकों ने नाबालिक को अपने कब्जे में लिया और फिर उसे सुनसान जगह पर ले गए। उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद सारे आरोपी मौके से फरार हो गए। किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजनों को सूचना देकर इस संबंध में गुरुवार को मामला दर्ज कराया।
सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चार आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में उडरीटाड़ के ललन भुइयां पिता अमेरिका भुइयां, योगेंद्र भुइयां पिता स्वर्गीय पूरन भुइयां, श्रवण कुमार भुइयां पिता विश्वनाथ भुइयां, पंकज कुमार भुइयां पिता करण दयाल भुइयां शामिल हैं।
थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के बयान पर सभी आरोपियों के खिलाफ नाबालिग लड़की के साथ मारपीट एवं सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पोक्सो एक्ट भी लगाया गया है। दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिहार के दो पशु तस्कर गिरफ्तार, आठ मवेशी बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** सतबरवा प्रखंड मुख्यालय में नेशनल हाइवे- 75 परे एक पिकअप वाहन में लदे आठ मवेशियों को पुलिस ने बरामद किया है। इसके साथ ही बिहार के दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तारी के बाद तस्करों ने अपना गलत नाम बताया, जिससे एफआईआर में उनका नाम गलत चढ़ गया। हालांकि बाद में आधार कार्ड से उनके असल नाम का पता चला और फिर प्राथमिकी में सुधार किया गया। सतबरवा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार की ओर से एक पिकअप में भरकर मवेशियों को बंगाल ले जाया जा रहा है। सूचना पर वाहन रोककर तलाशी ली गई तो उसमें आठ मवेशी बरामद हुए, उनके दस्तावेज की मांग करने पर नहीं दिखाया गया। बाद में मवेशी को जब्त करते हुए तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान तस्करों ने अपने नाम गलत बताएं। एक तस्कर ने अपना नाम बबलू यादव, जबकि एक ने अपना नाम हृदया यादव बताया। संदेह होने पर उनके आधार कार्ड से मिलान किया गया तो पता चला कि बबलू यादव बताने वाले तस्कर का नाम सफीक कुरैशी है, जबकि हृदया यादव बताने वाले तस्कर का नाम इल्ताफ कुरेशी है। दोनों बिहार के आरा जिले के शाहपुर के निवासी हैं। शुक्रवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एक सप्ताह से टूटा है पोल, अभियंता मौन उपभोक्ताओं ने चंदा कर बनवाया ट्रांसफार्मर

### लगातार शिकायत करने पर भी नहीं मिला पोल, कभी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** बिजली विभाग के अभियंता बिजली मिले या न मिले बिल का भुगतान समय पर करा रहे हैं। थोड़ी भी देरी होने पर फाइन या प्राथमिकी तक दर्ज कराई जारही है। मगर थोड़ी भी खराबी को ठीक कराने के लिए उपभोक्ताओं को महीनो कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। एक सप्ताह पूर्व हैदरनगर के भाई बिगहा का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। उपभोक्ताओं ने विभागीय अभियंता से संपर्क किया।उन्होंने कहा कि खुद तेल की व्यवस्था कर उसे ठीक करा लें, विभाग के पास तेल की व्यवस्था नहीं है। उपभोक्ताओं ने आपस में चंदा कर ट्रांसफार्मर बनवा कर बिजली की आपूर्ति शुरू कराने का काम किया। दूसरी ओर भाई बिगहा के ही पठान टोली का पोल किसी वाहन के धक्के से क्षतिग्रस्त हो गया है। कभी भी यह धराशाई हो सकता है,जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उपभोक्ता लगातार विभागीय कर्मचारियों से संपर्क कर इस पोल को बदलने की मांग कर रहे है। एक ही जवाब मिलता है की विभाग के पास पोल उपलब्ध नहीं है। उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर दुकान में मिलने वाली चीज होती तो वह चंदा कर के इसे बदल देते। मगर पोल की सप्लाई सिर्फ विभाग को ही होती है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर स्थानीय मुखिया व विधायक से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## लाल सूरज के प्रयास से तरहसी के पारपईन गांव में लगा बिजली ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता



**तरहसी।** पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज के अथक प्रयास के बाद तरहसी प्रखंड के पारपईन गांव में जला हुआ बिजली का ट्रांसफार्मर बदला जा सका। बिजली ट्रांसफार्मर लगने के साथ ही गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। लाल सूरज ने नारियल फोड़ का और अगरबत्ती दिखाकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही गांव में बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है। लाल सूरज ने बताया कि काफी दिनों से गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। ग्रामीणों के सूचना के बाद उन्होंने तत्परता दिखाते हुए विभाग से बात कर ट्रांसफार्मर बदलवाने का काम किया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव के लोगों को बिजली की रौशनी मिलना शुरू हो गया है। इधर ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव के लोगों में खुशी का लहर दौड़ गई है। लोगों ने लाल सूरज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद किया है। पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने बताया कि वह गांव और ग्रामीणों की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया है कि वह किसी भी समस्या को उनसे मिलकर बेहिचक रख सकते हैं। उनकी समस्या का समाधान करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

## नावाबाजार प्रखंड में अबतक तीन लोग चढ़ चुके है एसीबी के हाथ

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** पलामू एसीबी के द्वारा गुरुवार को रंगे हाथों पकड़े गए बीपीओ बच्चन कुमार पंकज पहले अधिकारी नहीं है। इसके पूर्व भी प्रखंड के दो लोगों को एसीबी रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच चुका है। पहली कार्रवाई 11 जुलाई 2018 को पंचायत सेवक नंद किशोर राम के उपर की गई थी। 14 वें वित्त से कराए गए कार्य के बदले राशि लाभुक समिति को भुगतान में पैसा का मांग किया गया था। जिन्हें नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत से गिरफ्तार किया गया था। वहीं दूसरी कार्रवाई 16 मार्च 2021 को मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार के साथ की गई। हालांकि मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार की गिरफ्तारी को प्रखंड के द्वारा एक साजिश बताया गया था। पकड़वाने वाले के साथ आनंद का कोई पूर्व बातचीत या योजना संबंधित सहभागिता नहीं था। स्थानीय तथाकथित नेता के द्वारा सोची समझी नीति के तहत इसे फंसाया गया था। गिरफ्तारी के विरोध में प्रखंड के सभी कर्मी एक दिवसीय धरना देते हुए तत्कालीन उपायुक्त को आवेदन देकर जांच कराने की मांग की थी।
मामला चाहे जो भी लेकिन अबतक तीन लोग पलामू एसीबी टीम के हाथों रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जा चुके है। इन सब बातो से सहज हीं अंदाजा लगाया जा सकता है कि नावाबाजार में भ्रष्टाचार चरम पर है। तीन लोगों की गिरफ्तारी के बावजूद भी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित की कार्य संस्कृति में कोई बदलाव नहीं आया है। जब-जब अधिकारी व कर्मचारी पकड़े जाते है। तब-तब निर्दोश होने का थोथी दलिल देते रहते है। यहां यक्ष प्रश्न यह है कि आखिर अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्य संस्कृति में बदलाव कैसे आएगा। लेकिन इतना तो तय है कि अधिकारियों व कर्मचारी की गिरफ्तारी से नावाबाजार की बदनामी हो रही है।

### वर्षो पुरानी बाजार क्षेत्र में चहारदीवारी दिए जाने से लोगों में असंतोष


# किशुनपुर बाजार की जमीन बिक्री हो जाने पर ग्रामीणों ने रास्ता के लिए किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता





**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर में वर्षो पुरानी बाजार क्षेत्र में चहारदीवारी दिए जाने से शुक्रवार सुबह स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकजुट होकर चहारदीवारी गिरा दी। बाजार एवं रास्ता रोके जाने को लेकर ग्रामीण गुस्से में थे। बताया गया कि सोमवार और बुधवार को बाजार में एग्रीमेंट के माध्यम से किशुनपुर निवासी शुभम क्रांति द्वारा चहारदीवारी का निर्माण कराया गया था।
ग्रामीणों ने इस चहारदीवारी निर्माण का विरोध करते हुए मौके पर पहुंचे और दीवार देने के लिए जोड़ी गई ईट को गिरा दिया। आरोप लगाया कि गलत तरीके से चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। दीवार दे देने से आवागमन का रास्ता बंद हो जाएगा। जिस स्थान पर चहारदीवारी का निर्माण हो रहा है, उस स्थान से उनका आवागमन बरसों पुराना है और पूर्व का रास्ता भी है, लेकिन गलत तरीके से चहारदीवारी निर्माण कर रास्ता को रोक दिया जा रहा है। बताया जामा है कि इस स्थान पर सोमवार और बुधवार को बाजार लगता है। इस बाजार में कई गांव के लोग पहुंचते हैं। कई घरों का जीवन यापन होता है। इस स्थल को बाजार के लिए एग्रीमेंट किया जाना चाहिए। चहारदीवारी निर्माण से इस स्थान पर बाजार लगना बंद हो जाएगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी एवं पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर इसकी शिकायत करने की बात कही है। इस संबंध में शुभम क्रांति द्वारा बताया गया कि उन्होंने कल्याणी झा की रैयती जमीन एग्रीमेंट के माध्यम से खरीदी है। जिस पर ग्रामीणों का कोई विरोध नहीं है। तीन-चार व्यक्तियों के द्वारा जानबूझकर रंगदारी की मांग की जा रही हैं और ग्रामीण को बहला फुसलाकर उनसे विरोध करवाया जा रहा है एवं निर्माण कार्य रोका जा रहा है।

सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

भीषण और उमस भरी गर्मी में लोगों को भरपेट शुद्ध जल के अलावे संभव हो तो ग्लूकोज का सेवन जरूर करें। घर से कहीं भी बाहर जाने से पहले सिर पर मोटा गमछा या तौलिया रखें।

डॉ. रविशंकर वर्मा, विंध्यवासिनी हॉस्पिटल, हाइस्कूल रोड, हैदरनगर पलामू।

## इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी को दिया समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह हिन्द मजदूर किसान पंचायत सह मजदूर किसान कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, मंच के केन्द्रीय महासचिव सदीक अंसारी, मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम, केन्द्रीय सदस्य कृष्णा बैठा व हरि राम ने आज मेदिनीनगर में प्रेस वार्ता कर चतरा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से भारतीय संविधान व आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया है।



### मनातू व पांकी के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का डीसी ने किया निरीक्षण

# डीईओ ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर मतदान करने के लिये किया प्रेरित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा के मनातू में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण डीईओ ने किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय व चक के इलाके में उत्क्रमित राजकीय +2 उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ऊपरोक्त दोनों ही आईएसआर से अटैच्ड बूथों का भी जायजा लिया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, जलेया में बने बूथों पर स्थानीय बीएलओ से एएसडी लिस्ट की जानकारी ली। साथ ही वोटर इनफार्मेशन स्लीप की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत वोटर इनफार्मेशन स्लीप को ससमय वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर पेयजल की प्रर्याप्त व्यवस्था व टेंट अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया।

### चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का भी लिया जायजा



आईएसआर व बूथों का निरीक्षण के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का भी जायजा लिया। इस दौरान पिकेट के कुछ जवानों ने उपायुक्त से पंखा लगवाने का आग्रह किया। इस पर उपायुक्त ने मनातू सीओ को अविलंब पंखा लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने मनातू सीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मनातू के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के ताल उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। मनातू व पांकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, संबंधित बीडीओ-सीओ, सेक्टर पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### वार्ड पार्षद का रिम्स में इलाज के दौरान मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीका वार्ड नंबर 20 के पूर्व वार्ड पार्षद निरंजन कुमार चंद्रवंशी उर्फ लाल बाबू का बीती रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।उनके मौत की जानकारी मिलने पर चंद्रवंशी समाज के पलामू जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू सहित अन्य चंद्रवंशी समाज के सदस्य रांची रिम्स पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया में जुट गए है। पोस्टमार्टम के बाद शव शुक्रवार को उनके मेदिनीनगर आवास पर दाह संस्कार के लिए लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार 13 मई को मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक के पास एक टेंपो ने निरंजन चंद्रवंशी उर्फ लाल बाबू को धक्का मार दिया था। जिसमे उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### एक नजर

## चतरा लोक सभा में आम जनता की आवाज है कांग्रेस: रुद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर।** पांकी विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला ने चतरा लोक सभा के इंडिया गटबंधन के सासंद प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के लिए पूरे पांकी विधान सभा के विभिन्न गावों का दौरा कर आम जनता से कांग्रेस पार्टी के लिए समर्थन देने का आग्रह कर रहे हैं। युवा नेता ने कहा कि चतरा लोक सभा में भाजपा के सासंद 10 साल रहे पर चतरा लोक सभा का विकास नहीं हुआ है।

## हीट स्टॉक वार्ड के नाम पर अस्पतालों में केवल अलग लगाये गए हैं बेड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर में संचालित मेदिनी राय राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लू से बचाव के लिए हीट कॉर्नर के नाम पर केवल बेड लगाये गए हैं। हीट कॉर्नर में न तो ठंडे पानी की व्यवस्था है और न ही ओआरएस तथा अन्य आवश्यक दवाईयों की व्यवस्था की गई है। इस गर्मी में अस्पतालों में मरीज और अडेटेंड को पीने की पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। मरीज के परिजन बाहर से पानी क्रय कर अपना प्यास बुझा रहे हैं। पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने दावा किया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पीएचसी केंद्रों पर हीट कॉर्नर फंक्शनल है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में 35 पीएचसी संचालित है, जहां पर हीट कॉर्नर में ओआरएस आदि की व्यवस्था उपलब्ध है। अभी तक जिले में एक भी हीट वेव की चपेट में आकर गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति नहीं आये हैं, जिन्हें भर्ती करने की आवश्यकता पड़ा हो। इस बार जिस तरह का मौसम है कि इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस बार हीट वेब के गंभीर मरीज नहीं आयेंगे। दूसरी ओर मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आरके रंजन ने कहा कि अस्पताल परिसर के इमरजेंसी-3 में 10 बेड का हीट कॉर्नर बनाया गया है। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस और आवश्यक दवाईयां उपब्ध है। हीट कॉर्नर में पंखें आदि लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि आउट डोर में प्रतिदिन 10-15 मरीज उल्टी, डायरिया आदि की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। परंतु गंभीर अब तक लू लगने से गंभीर कोई भी मरीज अस्पताल में नहीं पहुंचे हैं। वैसे लू लगने से गंभीर बीमार के उपचार करने की सारी व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन की ओर से कर ली गई है।



### निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक पदमा में किया जन संपर्क



तरहसी। निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक चतरा संसदीय सीट के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान वे पांकी तरहसी व पदमा में लोगों से मिलें। उनसे अपने समर्थन में आशीर्वाद मांगा। इस दौरान वे आम लोगों से सीधा संवाद करते हुए पूछा- आप सब को डॉ. अभिषेक ही क्यों पसंद हैं। इस पर लोगों ने कहा कि डॉ. अभिषेक क्षेत्र में नये नहीं हैं। वे लागातार स्वास्थ्य सेवा देकर लोगों को समझने का प्रयास किया है। इस लिये आज हमलोग उनके साथ हैं।

### चतरा लोकसभा चुनाव के लिए मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण

## भारत निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन ही सर्वोपरिः प्रशिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के संयोजन में 35 सूक्ष्म प्रेक्षकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने हेतु दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी नोडल सह एलआरडीसी सदर प्यारेलाल ने सूक्ष्म प्रेक्षकों से कहा कि वे मतदान दल के हिस्सा नहीं बल्कि वे मतदान प्रक्रिया के सूक्ष्म प्रेक्षण के लिए नियुक्त हैं। वे विहित प्रपत्र में जेनरल आब्जर्वर को अपना रिपोर्ट सौंपेंगे। कहा कि ध्यान रहे कि भारत निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन ही सर्वोपरि है। वहीं जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मॉकपोल, सीआरसी करना, स्वीच ऑफ करके रिजल्ट सेक्शन को सील करना, 17 सी का संधारण व पोलिंग एजेंट को प्रदान करना, एएसडी वोटर्स, दिव्यांग मतदाताओं का मतदान, मतदान के अंत में आवश्यकतानुसार पर्चियां देकर वोट कराना, मतदान के अंत में सीयू को स्वीच ऑफ करने के पूर्व क्लोज बटन दबाना सहित अन्य प्रेक्षण के सभी विन्दुओं पर सिलसिलेवार जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार उपाध्याय ने रिपोर्ट करने के सभी 18 विन्दुओं पर भली-भांति प्रशिक्षण दिया। यह भी बताया गया कि अगर एक भवन में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तो वहां एक ही माइक्रो आब्जर्वर के द्वारा प्रेक्षण किया जायेगा। समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' में 70 महिला मतदानकर्मियों को जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक एवं मास्टर ट्रेनर सुमंत तिवारी के द्वारा तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। हेरिटेज स्कूल में 353 पोलिंग पार्टी को मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, अजित कुमार व दिनेश प्रसाद ने इसमें उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।



### तरहसी हाई स्कूल में संध्या चौपाल, मतदाताओं को किया जागरूक

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों वोट डालने के लिए किया प्रेरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी 20 मई को चतरा लोकसभा के लिये मतदान होना है। इसी क्रम में चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिये स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तरहसी के राजकीयकृत + 2 उच्च विद्यालय के प्रशाल में भव्य संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। संध्या चौपाल में जेएसएलपीएस की सखी मंडल की प्रियंका दीदी ने अपने गीत प्रियंका दीदी सबसे अरज कइले हो, मत भूलीह ए दीदी गीत से मतदान के लिए प्रेरित किया। हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 4 हजार से अधिक लोग जुटे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी। सभी ने पहले मतदान बाद में जलपान के नारों को बुलंद किया साथ ही विकास की गंगा बहायेंगे मतदान करने जरूर जायेंगे के नारे लगाए।



### मतदान करने के लिये आमंत्रित करने आया हूं : डीईओ

संध्या चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि होली व छठ पर्व का त्योहार प्रत्येक वर्ष आता है लेकिन लोकतंत्र का यह महात्योहार पांच वर्ष में सिर्फ एक बार आता है इसलिये आप सभी 20 मई को मतदान जरूर करें.उन्होंने कहा कि हम सभी आप लोगों को 20 मई को बूथ पर जाकर मतदान करने हेतु आमंत्रित करने आये हैं। उपायुक्त रंजन ने महिलाओं को अंचरा में शादी-विवाह की तर्ज पर चावल देकर मतदान करने हेतु आमंत्रित किया। इससे पूर्व पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, पांकी विधानसभा के एआरओ प्रीति किस्कू व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू नाग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



शाहपुर-गढ़वा रोड पर स्थित शिव मंदिर में ट्रक ने मारा धक्का, हादसा टला

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**पांकी।** थाना रोड स्थित बबन मैरिज हॉल में शुक्रवार को चतरा लोक सभा के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने अपने महागठबंधन कार्यकताओं के साथ की बैठक। बैठक में महागठबंधन के कार्यकताओं से उन्होंने कहा कि आप लोग इस बार मुझे चतरा लोक लोकसभा से आप लोग अपना बहुमूल्य वोट दे कर विजय बनावें ताकि, चतरा क्षेत्र का विकास हो सके। केएन त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, आज पूरे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ घोषणाएं करते हैं। जुमलों से देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील की। मौके पर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, पांकी प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह, विश सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, मुकेश सिंह चंदेल, सुनील सिंह, बबलू सिंह, राजेंद्र ओझा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने की चुनाव बहिष्कार की घोषणा, कहा-रोड नहीं तो वोट नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के बूथ संख्या 323 के ग्रामीणों के द्वारा चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद अब पगार खुर्द पंचायत के पगार खुर्द के एक टोले ग्रामीणों ने भी शुक्रवार की संध्या विरोध प्रदर्शन करते हुए वोट बहिष्कार की घोषणा की है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त टोले में आने के लिए सड़क तक नहीं है वे खेतों के मेंढ़ के सहारे आना-जाना करते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति बहुत ही विकट हो जाती है, ग्रामीणों ने कहा कि हर बार चुनाव के समय प्रत्याशी एवं उनके कार्यकर्ता इस टोले में आकर तरह-तरह के वादे करते हैं लेकिन चुनाव के बाद उनके वादे खोखले साबित होते हैं। वहीं ग्रामीणों ने थक हार कर इस बार मतदान नहीं करने का फैसला लिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मौके पर मौजूद नए वोटरों समेत दर्जनों ग्रामीणों ने एक स्वर में नारे लगाते हुए वोट बहिष्कार की घोषणा की है। आपको बता दें की पगार खुर्द एक टोले में लगभग 40 घर हैं व वोटरों की संख्या लगभग 200 के आसपास है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे कई दशकों से इस टोले में निवास कर रहे हैं। उनके पूर्वजों को यहां के जमींदार के द्वारा बसाया गया था लेकिन सड़क नहीं बनने से टोला टापू बन गया है। बड़ी गाड़ियां तो दूर पैदल बाइक एवं साइकिल के आने-जाने में भी लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की सड़क पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से वे आक्रोषित है। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर ननकू मोची, विलास मोची, मुसन-मोची, राजदेव मोची, जनार्दन मोची, मनोज कुमार राम, निक्कू कुमार राम, अजीत कुमार राम, सुनील कुमार राम सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे। इस संबंध में पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा से पूछने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है, जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी बताया कि केकरगढ़ पंचायत के बूथ संख्या 323 के ग्रामीणों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के बाद ग्रामीण अब मतदान करने का निर्णय लिए हैं। जो बेहद हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का महत्व अति आवश्यक है। उन्होंने प्रखंड वासियों से हर हाल में मतदान करने की अपील की है।



## जेएस कॉलेज में इंटर का नामांकन शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर- पीतांबर के अंतर्गत आने वाले बैरिया में स्थित सदर थाना के बगल में जेएस कॉलेज में आज से नामांकन प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में बातचीत के दौरान प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि इंटर में नामांकन के लिए आज से सभी संकाय में चालू किया गया है। साइंस में नामांकन के लिए न्यूतम 65% अंक जनरल के लिए निर्धारित किया गया है। एससी- एसटी के लिए 60% तथा 55% अंक निर्धारित किया गया है। वहीं आर्ट में नामांकन के लिए जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट के लिए 65% रखा गया है। कॉमर्स में नामांकन के लिए स्टूडेंट को सिर्फ मैट्रिक पास आउट होना अनिवार्य है। इस संदर्भ में बातचीत करने के दौरान प्राचार्य ने बताया कि कि एडमिशन में सारे डॉक्यूमेंट का जेरॉक्स चाहिए। जिसमें कास्ट सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र और माइग्रेशन सर्टिफिकेट ओरिजिनल रहना अनिवार्य है। वही फीस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइंस में नामांकन के लिए जनरल कैंडिडेट को 2400 रुपया निर्धारित किया गया है।

### मनातू के पदमा में पहुंचा न्याय रथ, लोगों ने रखी समस्याएं

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शुक्रवार को नक्सल प्रभावित मनातू थाना अंतर्गत पदमा बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक ,आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम वक्स राय ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से व्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है।उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म हैं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की।




### डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा

डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग गांजा अफीम की खेती करते हैं। उनपर केस होता है। जेल जाते हैं भविष्य बर्वाद हो जाता है। पैसे की लालच में गलत कार्य करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एससी, एसटी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं। ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। इस मौके पर पीएलभी बिजय कुमार, रंजना कुमारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बालू की बड़े पैमाने पर हो रही कालाबाजारी न्यायिक जांच हो : सत्येंद्रनाथ तिवारी

**पूर्व विधायक ने मंत्री पर लगाया आरोप, कहा- बालू के चक्कर में कितने का लेंगे जान**

**हाईकोर्ट, चुनाव आयोग और राज्यपाल से अविलंब संज्ञान लेने की मांग**



**नवीन मेल संवाददता। गढ़वा**

भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री के संरक्षण में गढ़वा एवं पलामू में पिछले साढ़े चार वर्षो से लगातार अवैध तरीके से बालू की कालाबाजारी कराई जा रही है। अवैध तरीका से हो रहे बालू की कालाबाजारी के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 50 से अधिक लोगों की जान चली गई है। उन्होंने कहा कि बालू की कालाबाजारी से आम-आवाम परेशान हो चुके है। बालू के कारण गढ़वा एवं पलामू में कई बार खून-खराबा की घटना हो चुकी है। इसका ताजा उदाहरण गढ़वा जिले के मेढ़नाकला और पलामू जिले के गुरहा के लोगों के बीच हुए खूनी झड़प, मारपीट की इस घटना में कई लोग घायल हो गए है। सूचना के अनुसार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई। आखिर इसका जिम्मेवार कौन है? पूर्व विधायक ने मंत्री से सवालिया लहजे में कहा कि बालू के चक्कर में आखिर गढ़वा के और कितने लोगों का जान लेंगे ? उन्होंने कहा कि बालू के कारोबार में चल रहे ट्रैक्टर मालिकों को रात में बालू उठाव के लिए परमिशन दिया जाता है। उसके एवज में रात भर बालू के कारोबार में ट्रैक्टर चलाने के लिए पहले ही मोटी रकम जमा करा लिया जाता है। कारोबार में संलिप्त ट्रैक्टर रात भर में अधिक से अधिक बालू का ट्रीप करने के नियत से तेज गति से ट्रैक्टर चलाते है। जिसके कारण सड़क दुर्घटना में 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उसमें आम राहगिर, ट्रैक्टर ड्राइवर और मजदूर शामिल है। उन्होंने कहा कि जब गढ़वा में एक भी बालू घाट का बंदोबस्ती या टेंडर हुआ ही नहीं है, तो बालू घाट से बालू की ढुलाई किसके आदेश से हो रहा है। पूर्व विधायक ने गढ़वा जिला में हो रहे बालू की कालाबाजारी और मौत के मामलें में झारखंड हाईकोर्ट, चुनाव आयोग और राज्यपाल से अविलंब संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में बालू कालाबाजारी को लेकर लोगों की जान जाने का सिलसिला कब रूकेगा, यह मंत्री जी को बताना चाहिए। सत्येंद्र नाथ तिवारी जी ने कहा कि आज हाई वा से, बड़ी-बड़ी गाड़ियों से बालू का चोरी हो रहा है। यहां का बालू यूपी और कई अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। इस पर मंत्री जी का मुंह बंद है लेकिन जब यहां के स्थानीय लोग प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए, चौपाल बनाने के लिए ट्रैक्टर से बालू लाते हैं तो मंत्री जी पुलिस को लगाकर उन लोगों से पैसे की वसूली करवाते हैं। आज गढ़वा एवं पलामू में कोई वैद्य घाट नहीं है। गठबंधन की सरकार का कार्यकाल समाप्त होने को है लेकिन इतने दिनों में किसी भी घाट का टेंडर नहीं करवा कर सरकार बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि होना यह चाहिए था कि लोगों के निजी इस्तेमाल के लिए सरकार को बालू फ्री करना चाहिए था।

## एक नजर

### अचेत अवस्था में पड़ी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**गढ़वा।** गढ़वा मेराल थाना क्षेत्र के हसनदाग गांव निवासी शिवदत्त चौधरी की पत्नी काजल कुमारी को अचेत अवस्था में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उसके कान से रक्त निकल रहा था तथा काजल कुमारी अपने घर में अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी इसकी जानकारी मिलने के बाद उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### 6 माह से बंद है आंगनबाड़ी केंद्र




**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के कुदरुम गांव के आंगनबाड़ी केंद्र 6 माह से है बंद। इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कुदरुम गांव के आंगनबाड़ी केंद्र 6 माह से बंद है इस आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका रीना कुमारी है लोगों ने बताया कि यह आंगनबाड़ी केंद्र 6 माह से खुलता नहीं है एवं जो बच्चो को प्रतिदिन पोषाहार देना है वो भी कभी नहीं मिलता है न ही कभी आंगनबाड़ी केंद्र खुलता है ग्रामीणों का मांग है कि ऐसे सेविका पर कार्रवाई हो अब सवाल यह उठता है एवं जांच का विषय है कि जो बच्चों को पोषाहार मिलने कि जगह नहीं मिलता है तो वो पोषाहार खाता कौन है।परंतु यहां के पदाधिकारी इस प्रकार के आदिवासी बहुल क्षेत्र में 6 माह से बंद आंगनबाड़ी केंद्र का शुद्धी तक नहीं लिया है जिससे यह साबित होता है कि यहां के वरिय पदाधिकारी भी आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अब देखना यह है कि ऐसे आंगनबाड़ी सेविका पर क्या कार्यवाही होती है या नहीं।

### भंडरिया में मिले शव की हुई पहचान

**भंडरिया।** भंडरिया थाना के मदगड़ी गांव के जंगल से बीते बुधवार को बरामद शव की पहचान भंडरिया निवासी असगर खान की पुत्री काजल बानो के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के शव सड़ कर खराब हो जाने के कारण गढ़वा पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इस शव को परीक्षण के लिए रांची भेज दिया गया है। शव के साथ उसके पिता असर खान को भी भेजा गया है ।उन्होंने कहा कि परिक्षण के बाद शव को आने पर उसके माता-पिता से इसके बारे में पूछताछ की जाएगी। हत्या के आरोपीयों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# कई दिनों से खराब है स्कूल की जलमीनार, छात्र व ग्रामीण परेशान



**प्रधानाध्यापक अशोक कुमार राम**

**जलमीनार खराब होने की लिखित सूचना प्रखंड कार्यालय से लेकर जनप्रतिनिधियों को दिया गया लेकिन उसे अब तक ठीक नहीं कराया गया है।**

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

कई महीनों से उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी का सोलर जलमीनार खराब पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों एवं स्कूली छात्रों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए 14वें वित्त आयोग द्वारा दो वर्ष पहले स्कूल परिसर में सोलर जलमीनार का निर्माण करया गया था। पिछले दो माह में ही जलमीनार खराब है।

वही प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार राम ने बताया की जलमीनार खराब होने की लिखित सूचना प्रखंड कार्यालय से लेकर जनप्रतिनिधियों को दिया गया लेकिन उसे अब तक ठीक नहीं कराया गया है। स्कूल परिसर में लगी सोलर जलमीनार ही साफ-सुथरा पानी पीने का एकमात्र साधन था। स्कूल के बच्चे व आसपास के ग्रामीण अपनी दिनचर्या पूरी करने के लिए पानी ले जाते हैं। अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में इस विद्यालय में दो मतदान केंद्र था। मतदान कर्मियों के लिए पानी की व्यवस्था गावँ से मंगाकर उपलब्ध कराया गया।उन्हें भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल परिसर में लगी जलमीनार खराब होने के कारण पानी पीने में भी भारी परेशानी होती है। थोड़ी दूर पर स्थित चापानल का पानी पीने लायक था। वह चापानल भी खराब हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई मिस्त्री नहीं है जिससे जनमीनार या चापानल को ठीक कराया जा सके। आसपास में कोई दूसरा चापानल भी नहीं है। जलमीनार ठीक नहीं हुआ तो गर्मी के मौसम में और परेशानी बढ़ जाएगी। विद्यालय में खराब पड़े जलमीनार को जल्द ठीक करने की मांग की है।

# खेल प्रेम भावना का है प्रतीक : शांति देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बंशीधर नगर**

श्री शनिदेव धर्मार्थ आश्रम वॉलीबॉल क्लब अहिपुरवा के तत्वधान में शनिदेव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की देर शाम में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है, हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना करियर बना रहे हैं। खेल प्रेम भावना का प्रतीक है, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कमिटी को हर वर्ष इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर बेहतर खिलाड़ी का चयन करने को कहा। इससे यहां के खिलाड़ियों को राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिले। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन दिखाने की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन का पहला मैच वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमे वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर ने 2 - 1 की सेट से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही दूसरा मैच बनसानी भवनाथपुर बनाम सिंहपुर के बीच खेला गया। जिसमे बनासनी की टीम ने 2 - 1 की सेट से जीत हासिल किया। जबकि तीसरा मैच अहिपुरवा बनाम नगर उंटारी के बीच खेला गया। जिसमे नगर उंटारी की टीम 2 - 1 की सेट से अहिपुरवा को हराया। चौथा मैच धुरकी बनाम अहिपुरवा सीनियर के बीच खेला गया।

## न्यूज बॉक्स

### चिनियां प्रखंड में धड़ल्ले से हो रहा बालू का अवैध खनन, नहीं लग पा रही रोक




**चिनियां।** चिनियां प्रखंड में अवैध रूप हो रहा नदी से बालू का उत्खनन पर संबंधित विभाग से कोई रोकथाम नहीं की जा रही है। कन्हर नदी से अवैध रूप से खनन कर महेंद्रा डिआई 275 लाल रंग के ट्रैक्टर में बालू लोड कर लाए जा रहे थे कि चिनिया रंका रोड कुम्हार मुहल्ले के कुछ दुरी पर रंका सिओ शिवपूजन तिवारी ने चिनिया के प्रभारी सिओ सह बिडिओ ने बालू लोड ट्रैक्टर को रोक कर पहले सिओ के ड्राइवर ने ट्रैक्टर मालिक से बात कर रहा था की ड्राइवर ने सिओ के तरफ इशारा किया व ट्रैक्टर मालिक चिनिया निवासी ने सिओ के गाड़ी के गेट खोलकर सिओ से बात चित कर बालू लोड ट्रैक्टर को उनके इशारे पर गाड़ी लेजाने का इशारा किया व ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी लेकर आगे निकला वही वाहा से सिओ भी अपने झारखंड सरकार के गाड़ी से चिनिया प्रखंड कार्यालय पहुंचे इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं अवैध रूप से बालू ढूलाई पर पदाधिकारी से छूट होने का दर्शाता है इसी तरह आय दिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का ढुलाई होता है लेकिन इसी तरह इससे संबंधित पदाधिकारी के नजर अंदाज करने से ही बालू का कारोबार जोरों पर चल रहा है जब चिनिया प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सीओ शिवपूजन तिवारी द्वारा रोककर बालू छोड़े जाने पर बात की तो सिओ ने कहा कि बात करने के दौरान ही ट्रैक्टर ड्राइवर वहां से निकाल लिया मेरे पास गार्ड भी नहीं था कि रोक कर रखे कोई गाड़ी मालीक से समझौता नहीं है।

### मुखिया ने मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों की दी आर्थिक मदद



**खरौंधी।** प्रखंड के कुपा पंचायत के मुखिया प्रमोद राम ने शुक्रवार को चौरिया गांव के मिनवाखाड़ी टोला पहुंच कर बिमारी से हुई निधन बिनोद चौधरी पिता भोला चौधरी के घर जाकर शोक व्यक्त करते हुए, परिजनों को ढांढस बंधाया और बिनोद चौधरी के श्राद्ध कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहयोग कीया । मुखिया प्रमोद राम ने कहा की बिनोद चौधरी की मृत्यु की खबर सुनकर मन बहुत ही आहत हैवह बहुत ही अच्छा स्वभाव का इंसान था। उनकी असामायिक निधन हो जाना परिजनों के लिए बहुत ही दुख की बात है। परिजनों के इस दुःख की घड़ी में हम साथ हैं। विनोद चौधरी घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था,वह अपने पिछे तीन बच्चों को छोड़ भगवान का प्यारा हो गया। मौके पर धनवंत प्रसाद गुप्ता,विद्याधर चौधरी, शंकर प्रसाद गुप्ता, नागेन्द्र चौधरी, उमेश चौधरी,श्री नाथ चौधरी,रवि कुमार पटेल आदि लोग मौजूद थे।

# वनकर्मियों ने पकड़ा एक खाली ट्रैक्टर, ग्रामीणों में दिखा आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

कैलान के झुराही टोला में कहुवा नाला के पास निजी जमीन में सौ बाई सौ का मनरेगा से एक तालाब निर्माण मेघनाथ यादव के द्वारा योजना वर्ष 22/23 में 4 लाख 86 हजार की लागत से निर्माण किया गया है, जिसमें तालाब खुदाई के दौरान उसमे पत्थर निकाला था, जिसे जमा करके तालाब के बगल में ही रखा हुआ था। उसी पत्थर को मेघनाथ यादव के द्वारा अपने भतीजा फुलेंदर यादव के ट्रैक्टर से अपने घर चबूतरा निर्माण के लिए ले जाया जा रहा था, कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली की जंगल से पत्थर उठाव हो रहा है, सूचना मिलते ही वन रक्षी अनूप कुमार और अनिल गिरी अपने सहयोगी के साथ मिलकर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया और चालक डर से गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना मिलने पर फुलेंद्र यादव घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त अधिकारियों की बताया की वन विभाग का यह पथर नहीं बल्कि निजी तालाब निर्माण में से लाया जा रहा है। परंतु अधिकारी सुनने की तैयार नहीं हुए इस बीच काफी संख्या में ग्रामीण की सूचना मिलते ही हुजूम लग गया । इस बीच ग्रामीण और वन कर्मियों के द्वारा घटना की सूचना किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए दिया गया जहा मिडिया और पुलिस भी पहुंची।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती : मदन केशरी


**जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी में सीबीएसई बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया**




**नवीन मेल संवाददता। गढ़वा**

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी में सीबीएसई बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजली अर्पित कर किया गया ।तद्पश्चात बुके प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उनके सम्मान में दशम कक्षा की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया ।उपस्थित सफल बच्चों एवं उनके अभिभावकों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। आप जीवन में ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करें सफलता आपकी कदम चूमेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल से सफलता अर्जित करने वाले सभी वैसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 65 प्रतिशत मार्क्स पाएं हैं, उनका स्कॉलरशिप के आधार पर एड्मिसन फी फ्री होगा, यदि वे आगे की परीक्षा में अच्छा करते हैं तो विद्यालय प्रबंधन वार्षिक फी में और विशेष छूट देगा। प्रिंसीपल सीबी सिन्हा ने स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की और पूरे शिक्षकों को उनके कड़ी मेहनत और बच्चों को मार्गदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं वहीं उपस्थित अभिभावकों ने भी स्कूल की अध्ययन-अध्यापन पर संतोष व्यक्त किया। टॉपर विद्यार्थियों ने भी अपने जूनियर्स को पढ़ाई और अच्छे अंक लाने की गुर साझा की। सभी सफल बच्चों को बुके, प्रशस्ति पत्र, शील्ड और विशेष उपहार अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया ।मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन पीजीटी टीचर नीरा शर्मा द्वारा किया गया। सारा कार्यक्रम शिक्षक संजीव कुमार के देख रेख में सम्पन्न हुआ ।इस मौके पर पेरेंट्स राकेश वर्मा, नायला अम्बरेन, सन्तोष मेहता,गिरीश कमलापुरी, शिक्षक सुषमा तिवारी,संतोष प्रसाद, वीरेंद्र साह, मुकेश कुमार, अभिषेक पांडेय सहित अन्य शिक्षक- शिक्षकेतर और स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# गर्मी से घरों में कैद होने को मजबूर हैं गढ़वा के लोग




**गढ़वा ।** तेज गर्म हवा के झोंकों ने गढ़वा के लोगों को घरों में कैद कर दिया है। लाख प्रयास के बाद गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। घर से बाहर कदम निकालने में हालत खराब हो रही है। गढ़वा में पिछले दिनों कुछ इलाके में बारिश भी हुई उसके बाद चिलचिलाती धूप ने लोगों को जीना मोहाल कर दिया है। धूप से बचने के लिए लोग चेहरा पूरी तरह से ढककर सड़क पर निकल रहे हैं। सुबह नौ बजे से लेकर देर शाम तक गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों की दिनचर्या की बदल कर रख दी है। शाम में तेज उमस ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ाई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया है। पिछले तीन दिनों से तापमान में कोई गिरावट नहीं आई है। धूप के चलते लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सड़क पर दोपहर में पूरी तरह से सन्नाटा पसर जा रहा है ।मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। सड़क के किनारे आम का पना, बेल का शर्बत, लस्सी, सत्तू की बिक्री तेजी से हो रहा है। वहीं अस्पताल में भी गर्मी और लु असर देखने को मिल रहा है सदर अस्पताल में इन दोनों सबसे ज्यादा मरीज डायरिया और लु के ही आ रहे हैं बुधवार को सदर अस्पताल में 420 लोगों ने निबंधन कराया उसमें सबसे ज्यादा 272 लोग सर्दी खांसी बुखार डायरिया और लू के थे। सदर अस्पताल का बेड इन दिनों ऐसे मरीजों से ही भरा रहा है।

### स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सतर्क रहें

डॉ असजद अंसारी ने बताया कि गर्मी में तमाम बीमारियां भी लोगों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे मौसम में जरूरी है कि अपने खानपान से लेकर पहनावे में भी बदलाव किया जाए। वहीं अपने स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। शहर की तेज गर्मी को देखते हुए जरूरी है कि पहले से ही इस मौसम के लिए अपनी प्लाच्न कर ली जाए। इससे मौसम के नकारात्मक असर से बचा जा सकेगा।

### धूप के बाद ठंडी हवा से बचें

गर्मी के दिनों में धूप तेज रहती है। फिटनेस व हेल्थ कंस्लटेंट बताते हैं कि दिन में यदि आप तेज धूप में रहते है तो इसके तुरंत बाद एकदम ठंडी हवा में जाने से बचें। प्रायः बाहर से आते ही लोग घरों में एसी, कुलर, पंखा ऑन कर लेते हैं या फ्रीज का पानी इस्तेमाल करते है। इसस उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। रात्रि में सोने से पूर्व ठंडी हवा में कुछ देर टहल सकते हैं। तेज धूप से बचने के लिए जरूरी है कि अपने दिन के जरूरी कामों को दोपहर 12 बजे तक पूरा कर लिया जाए। इसके लिए सुबह जल्दी उठकर अपने दिन की प्लाच्नग करें। इसमें अपने जरूरी कामों की लिस्ट तैयार कर उन्हे धूप के तेज होने से पहले पूरा करने की कोशिश करें।

# गांव से कई किमी दूर राशन लेने के लिए उपभोक्ता है विवश





**नवीन मेल संवाददता। गढ़वा**

ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण में घोर अनियमितता का मामला आये दिन ग्रामीणों के द्वारा उठाया जाता रहा है,और प्रशासन द्वारा समय- समय पर कारवाई भी किया जाता है। सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लोगो को राशन मुहैइया करती है ताकी कोई भी परिवार भूखा नहीं रहे।

चानाकला के लोगो को भी चना ग्राम में ही राशन मिलता था और लोग इसका लाभ उठाते थे, लेकिन आज राशन ही राशन लाभुकों के लिय मुसीबत बन गयी है, इस ग्राम के पीएच के 202 और अंत्योदय के 56 लाभुकों के लिए राशन प्राप्त करना लोहे के चने चबाने जैसा हो गया है, उक्त सभी लाभुकों को अपने ग्राम से 10-15 किलोमीटर दूर सिलिदाग पंचायत के लक्षित जनवीतरण, वितरक से राशन लेना पड़ता है, जितना हमलोगों को राशन का मूल्य लगता है उससे दोगुना हमसभी लोग आने-जाने का किराया चुकाते है और पूरा एक दिन निकल जाता है,एक माह का राशन लेने में।आज हमलोग गत वर्ष से ही इस मुशीबत को झेल रहे है

इस समस्या को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अधिकारीयों को भी सूचित किया लेकिन कोई सामाधन नहीं निकला। एक माह के राशन के लिय हमें एक दिन मजदूरी भी छोड़ना पड़ता है, राशन तो मिल जाता है लेकिन मजदूरी छोड़ने से आर्थिक हानि भी उठाना पड़ता है।

राशन लेने सिलिदाग लक्षित जनवितरण पहुंचे चना के ग्रामीणों में महिला पुरुष और वृद्ध लोग भी शामिल थे, आशा कुंवर 67 वर्ष,बचिया कुंवर 65 वर्ष शांति कुंवर 60, सबीना, मिना बीबी,मनित्री देवी, पचिया देवी गीता देवी, शुकनी देवी बसंती देवी, लालती देवी, मंती देवी, शायदा बीबी और राजपती देवी बताये की हमलोगों को अपने घर से इतने दूर राशन लेने में बहुत परेशानी होती है,घर के जवान लोग परदेश मजदूरी करने गये है घर में छोटे-छोटे बच्चों के देखभाल और खाना बनाना और घर के काम को छोड़ कर राशन लेने आना मजबूरी और विवशता भी है, राशन नहीं लेंगे तो बाजार से चावल -आटा खरीद कर खा ही नहीं पाएंगे,विवश होकर एतना दूर राशन लेने आना पड़ता है। ,

ग्रामीण कमलेश पासवान, रुपेश कुमार बैठा, बसारत शेख क्यामुदिन अंसारी, राजेंद्र सिंह खरवार, शंकर राम, लालमन बैठा, दिलीप कुमार प्रजापति बताये की गत वर्ष से हमलोग इतनी दूर राशन वितरण होने से लोहे के चना चबा रहे है, क्षेत्र में सुखाड़, पालायन और आर्थिक तंगी से हमलोग परेशान है ऊपर से दूर राशन लेने आना हमारे मुसीबतों को दोगुना करने में कोई कमी नहीं छोड़ा. राशन लेने में हमलोगों को 30-40 रु ही लगता हैं,लेकिन आने जाना का किराया 60-100 रु लग जाता हैं, इतना ही नहीं भूखे-प्यासे एकदम सुबह ही राशन लेने आना पड़ता हैं और दिन चढ़ते कभी कभी तो दोपहर हो जाता हैं। जिस दिन राशन लेने आते हैं उस दिन कामधंधा छोड़ के ही आते हैं।

उक्त समस्या के सम्बन्ध में प्रमुख करुणा सोनी बतायी की इस मामले को हमने सभा में रखा था, लेकिन चना में डीलर का नया चयन की मांग ग्रामीणों के द्वारा किया गया, जिसके लिए हमने विभाग को सूचित किया था लेकिन चयन नहीं सका अचार संहिता समाप्त होते ही प्रथम सभा में इस बात को रखा जायेगा। ग्रामीणों के तरफ से किसी प्रकार का अभीतक कोई लिखित सुचना प्राप्त नहीं हुआ है।

**सिओ सह एमओ वासुदेव राय**

**यह मामला कब का है मेरे जानकारी में नहीं हैं लाभुक द्वारा लिखित देने पर उचित कारवाई की जाएगी।**

# देश के पांचवें व झारखंड में दूसरे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

### चतरा लोस सीट से 22 प्रत्याशी हैं चुनावी मैदान में

### भाजपा-कांग्रेस के बीच है कांटे की टक्कर




**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव में पांचवे और झारखंड में दूसरे चरण के लिए शनिवार शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार शोर। सोमवार 20 मई को जनता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेगी। चतरा लोकसभा सीट से इस बार कुल 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सभी दल व निर्दलीय उम्मीदवार उत्साह के साथ प्रचार-प्रसार में लगे हैं। हलांकि चुनावी शोर थमने के बाद प्रत्याशी डोर-टू-डोर प्रचार जारी रख सकेंगे। 20 मई की सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिए बूथों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मतदान कार्य के लिए बूथों पर पर्याप्त संख्या में इवीएम उपलब्ध करा दिये गये। मतदानकर्मी आज से संबंधित पोलिंग बूथों पर रवाना किये जायेंगे।

#### भाजपा-कॉंग्रेस के बीच है अहम मुकाबला

चतरा लोकसभा सीट झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से एक है। इस सीट पर सबकी नजर रहती है। चतरा संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। चतरा सीट पर अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा पिछड़ी जातियों का खासा दबदबा है। पलामू,चतरा और लातेहर जिले झारखंड के पिछड़े जिलों में से एक है। चतरा लोकसभा सीट की अधिकांश आबादी गांवों में निवास करती है और इसमें अधिकतर अनुसूचित जाति के लोग शामिल है। इसके अलावा इस सीट पर पिछड़ी जाति की अच्छी तादाद है। इस सीट के तहत चतरा (एससी), लातेहार (एससी), मनिका (एसटी), सिमरिया (एससी) और पांकी (सामान्य) विधानसभा सीटें आती हैं। चतरा लोकसभा सीट से इस बार भाजपा ने कालीचरण सिंह को टिकट दिया है वहीं इंडिया महागठबंधन से कॉंग्रेस ने केएन त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है। दोनों की पार्टियों के बीच इस बार कांटे की टक्कर देखी जा रही है। वंही दूसरी तरफ बसपा प्रत्याशी नागमणी और निर्दलीय उम्मीदवार डॉ अभिषेक भी जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। चतरा लोकसभा सीट का सेहरा जनता किसके सिर सजाती है यह तो 4 जून को ही पता चल पाएगा। हलांकि वर्ष 2019 के लोस चुनाव में भाजपा के सुनील सिंह ने यहाँ से बंपर वोट से चुनाव जीत कर दूसरी बार सांसद बने थे। फिलहाल सभी प्रत्याशी क्षेत्र की जनता के बीच पहुंच कर अपने अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिला अन्तर्गत सभी बूथों पर मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को अपने



मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जागरूक कर रही हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान के महत्व से सभी को अवगत कराते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे की जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें।

### प्रजापति कुम्हार महासंघ ने डोर टू डोर भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया



**बारियातू।** प्रखंड के झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखण्ड कमेटी के द्वारा सभी पंचायत सहित विभिन्न गावों तथा घर - घर जाकर डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया गया। जन संपर्क के दौरान मोदी की गारंटी के बारे में बताया गया। 20 मई को भाजपा के पक्ष कालीचरण सिँह को वोट करने की अपील किया। वहीं कई नारे भी लगाया गया। पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड सचिव सोनु प्रजापति, प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति, साल्वे पंचायत अध्यक्ष राकेश प्रजापति, जिला प्रभारी गोविंद प्रजापति, साल्वे पंचायत सचिव अवध प्रजापति, फुलसू पंचायत सचिव संदीप प्रजापति सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।

-:सर्वसाधारण के लिए सूचना :-

सूचित किया जाता हैं कि आपके शहर या गाँव से कोई बालक/बालिका अगर गुमशुदा हैं, या होने की सूचना मिलने पर इस संबंध में अपराध अनुसंधान विभाग के Helpline Mobile No./ Whatsapp No. 08877444444 तथा email id-complaint-cid @jhpolice.gov.in या संबंधित थाना में संपर्क करें। साथ ही बच्चों से संबंधित किसी प्रकार का दुर्व्यवहार के संबंध में भी उक्त Mobile No./Whatsapp No. /email id पर शिकायत किया जा सकता हैं।

पुलिस अधीक्षक, गुमला।

PR 324906 Police(24-25)D


## पूर्व मंत्री व भवनाथपुर विधायक पहुंचे माता भद्रकाली मंदिर, की पूजा-अर्चना



**इटखोरी(चतरा)।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही शुक्रवार को इटखोरी स्थित माता मंदिर पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-पाठ किया। इस दौरान मंदिर परिसर के कई धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मत्था टेककर राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, सतीश सिंह, रामकुमार सिंह, रतन शर्मा, सुरेंद्र सिंह, प्रीतम राय, यशवंत सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह, अंजू सिंह और गोपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने युवा चौपाल का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटखोरी(चतरा)।** भाजयुमो इटखोरी मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को इटखोरी चौक पर युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं अमित तिवारी उपस्थित हुए। अतिथियों को अंग वस्त्र देकर युवा मोर्चा ने सम्मानित भी किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा कि इस बार 400 पार का नारा हमें हर हाल में पूरा करना है। पूरे देश में भाजपा की हवा है हम झारखंड में 14 के 14 सीट अपने खाते में लायेंगे। मैं यहां के बुद्धिमान मतदाताओं से अपील करता हूं कि राष्ट्रीय हित के लिए भाजपा को वोट दें और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर शुभम सिंह, रामविलास सिंह, देव कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, शिवकुमार राणा, शक्ति सिंह, वीरेंद्र सिंह, सत्येंद्र भगत, शिवकुमार सिंह, अजीत सिंह, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अब लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की उपयोगिता बढ़ चुकी है

### प्रत्याशी व समर्थक इसका धड़ल्ले से कर रहे उपयोग

### इसपर चुनाव आयोग का कोई नियंत्रण नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा के चुनाव में चाय से लेकर पानी पीने को लेकर भी प्रत्याशी कर रहे हैं सोशल मीडिया पर पोस्ट। पहले के जमाने में बैलगाड़ी से प्रचार करते थे प्रत्याशी। लेकिन इन दिनों अब लोगों के बीच सोशल मीडिया की उपयोगिता बढ़ चुकी है। प्रायः लोग सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिता भी रहे हैं। यही वजह है कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशी और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव हो चुके हैं। प्रत्याशी अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की तस्वीरें, शॉर्ट वीडियो और रील्स आदि तैयार कर अपने और समर्थकों के साथ सोशल मीडिया में फेसबुक, ट्विटर(एक्स), व्हाट्सएप, यूट्यूब आदि पर पोस्ट कर रहे हैं। यही नहीं प्रत्याशी और उनके समर्थक सोशल मीडिया पर अपनी बातों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। प्रत्याशियों के समर्थकों का कहना है कि सोशल मीडिया के जरिये जनसंपर्क अभियान और चुनाव से जुड़ी कई बातों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। बदलते वक्त के साथ इन दिनों चुनाव प्रचार पर बुजुर्ग मतदाताओं का कहना है कि पहले चुनाव के दौरान प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगा कर वोट देने की अपील की जाती थी। इन दिनों इवीएम के बटन दबाकर प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने को कहा जाता है। पहले के जमाने में यातायात के साधनों की कमी की वजह से बैलगाड़ी से भी प्रचार किये जाते थे। अब तो प्रत्याशी फॉर्च्यूनर, इनोवा, स्कॉर्पियो जैसे लग्जरी वाहनों पर सवार होकर जनसंपर्क अभियान में निकलना पसंद करते हैं। पहले के चुनाव में पर्चा, बैज, बैनर, होर्डिंग, टोपी, झंडा, लाउड स्पीकर, दीवार लेखन के द्वारा प्रचार पर ज्यादा जोर दिये जाते थे। यहां तक की ढाक और ढोल-नगाड़े बजाकर लोगों को इकट्ठा किया जाता था। एम्बेसडर कार और जीप पर लाउडस्पीकर स्पीकर से प्रचार करते हुए पर्चे बांटे जाते थे। पर्चे लूटने के लिए छोटे-छोटे बच्चे वाहनों के पीछे-पीछे दौड़ते थे। इन सब के बीच अब चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों के द्वारा इन दिनों सोशल मीडिया को ज्यादा जरूरी माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में स्थानीय कारोबारियों का कारोबार रहता है मंदा। स्थानीय प्रिंटिंग प्रेस और बैनर, फ्लेक्स बनाने वाले कारोबारियों का कहना है कि पंचायत चुनाव में भले ही उनका कारोबार रफ्तार पकड़ता है।

## आदिवासियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है कांग्रेस : रविराज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है। भाजपा ने ही आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उक्त बातें शुक्रवार को भाजपा नेता रविराज ने हुटाप पंचायत में आदिवासी समाज के संग बैठक के दौरान कही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कोई कदम नहीं उठाए। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान कई सराहनीय कार्य किये। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया। रविराज ने आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ही 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के विकास के लिए केंद्र सरकार में अलग मंत्रालय का गठन कराया। अलग मंत्रालय बनने के बाद आदिवासियों के विकास की दिशा में बेहतर कार्य आरंभ हुए हैं। बैठक की अध्यक्षता आदिवासी मुंडा समाज के रामकेश्वर मुंडा ने की, जबकि संचालन पंचायत अध्यक्ष मुरारी साहू ने की। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कुलामन साव, बालेश्वर गंझू, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आदेश

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 540 दिनांक 27.03.2024 एवं आदेश ज्ञापांक 571/जि0निर्वा0 दिनांक 30.03.2024 के द्वारा अस्थायी वज्रगृह (Temporary Strong Room) का निर्माण, मतदान दलों का डिसपैच एवं पदाधिकारी के उपयोग हेतु श्री सत्गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के भवनों एवं कमरों को उनके उपस्कर सहित अधिग्रहित किया गया है।

अस्थायी वज्रगृह एवं मतदान दलों का डिसपैच कर लिये जाने के बाद श्री सतगुरू जगजीत सिंह महाविद्यालय, गढ़वा के भवनों/कमरों का अधिग्रहण अवधि समाप्त किया जाना है। ई0भी0एम0/भी0भी0पैट0 का कमिशनिंग के दौरान खराब पाये गए ई0भी0एम0/भी0भी0पैट इस महाविद्यालय के कमरा संख्या–17 में रखा गया है। अतएव कमरा संख्या–17 के अधिग्रहण की अवधि को निम्न प्रकार विस्तारित करने की आवश्यकता है:–

| क्रम | प्रायोजन | चिन्हित कमरा/भवन का विवरण | अधिग्रहण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कमिशनिंग के दौरान खराब पाये गए ई.भी.एम./भी.भी.पैट रखने हेतु | कमरा सं0 17 आर्यभट्ट भवन | दिनांक 16.05.2024 से 08.06.2024 तक के लिए |

उक्त के प्रिरिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वां का उपरोक्त सारणी में अंकित भवन/कमरा को सारणी में अंकित अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

आदेश ज्ञापांक 540 दिनांक 27.03.2024 एवं आदेश ज्ञापांक 571/जि0निर्वा0 दिनांक 30.03.2024 के द्वारा अधिग्रहित अन्य सभी कमरों/भवनों/मैदान को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहण–मुक्त किया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324891 Election(24-25).D "सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक"


इंडी गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में इप्टा के कलाकारों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया अभियान

## हाथ बदलेगा हालात, यह विश्वास लोगों को दिला रहे हैं इप्टा के कलाकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूर्वर्ती क्षेत्र बोदा में जन नाट्य संघ इप्टा के कलाकारो ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में हाथ को मजबूत करने के लिए गीत प्रस्तुत कर प्रचार कर रहे हैं। साथ ही मतदाताओं को यह भरोसा दे रहे हैं कि हांथ बदलेगा हालात। टीम में शामिल प्रेम प्रकाश, पंकज श्रीवास्तव, अजय कुमार, रवि शंकर भोला ने गीत के माध्यम से यह संदेश दिया कि आज देश का हालात बहुत ही खराब है, रोजी-रोटी रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। धान गेहुं तो गरीब उपजाते हैं गोदामों में अनाज भरे पड़े हैं फिर भी गरीब भुखे पेट सोते हैं, सुत धागा बिनकर कपड़े हम बनाते हैं लेकिन हमारे बच्चे फटे हुए कपड़े से दिन गुजारते हैं, हमेशा हम ठगे जाते हैं इस बार हम नहीं ठगे जाएंगे जैसे गीत गाकर चुनाव के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया और गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में वोट डालने की अपील किया।

झामुमो के केंद्रिय समिति सदस्य दीपू कुमार सिंन्हा ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की गलत और जन विरोधी नितियां से महंगाई आसमान छु रही है, पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर के दाम ने लोगों के घरों का बजट बिगाड़ दिया है, खेती किसानी पर संकट मंडरा रहा है, सविधान को कमजोर करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, मोदी सरकार का दावा हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने, हर व्यक्ति को पंद्रह लाख उसके खाते में भेजने, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा का क्या हश्र हुआ यह भी सभी के सामने है। माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि आज वर्तमान सांसद द्वारा जन समस्याओं की अनदेखी के कारण लोकसभा क्षेत्र की जनता त्राहि त्राहि कर रही। कांग्रेस नेता संजय दुबे ने कहा कि देश में जो भी विकास हुआ वह कांग्रेस सरकार की देन है भारतीय जनता पार्टी ने कुछ भी नहीं किया, कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है तो वह अपने हर चुनावी वादे को पूरा कर आपके और आपके बच्चों की भविष्य बेहतर करने का प्रयास करेगी।

प्रचार अभियान के दौरान अख्तर अंसारी, सेराज अंसारी, लबसंत गंझु, जयमंगल गंझु, सज्जाद अंसारी, अमान अंसारी, रुपेश गंझु, सोनू अंसारी, शाहिद अंसारी, एजाजूल अंसारी, जसीम अंसारी, मंसूर अंसारी समेत बड़ी संख्यां में लोग मौजूद थे।

### गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा का किया आयोजन



**बरवाडीह।** चतरा लोस क्षेत्र के मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला ग्राम कुटमू में शुक्रवार को कांग्रेस के महागठबंधन के कार्यकर्त्ताओं ने एक सभा का आयोजन किया। जिस कार्यक्रम में राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अलीहसन अंसारी ने इस सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के जुमला बाजी उनके झुठे वादे को वर्णन करते हुए कोई महत्वपूर्ण बातें रखीं साथ ही मतदाताओं से अपील की इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी केएन त्रिपाठी जी को हाथ छाप के निशान पर जो इवीएम के क्रमांक संख्या दो पर है। अपना किमती मतदान हाथ छाप पर देकर भारी मतों से विजई बनावे। अली हसन नेअपने संबोधन में कहां कि भाजपा द्वारा संविधान को बदलने आदिवासी हरिजनों तथा ओबीसी के आरक्षण को खत्म कर देने की बातों को लोगों के बीच में रखा जा रहा ऐसे में भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने में संविधान खतरे में है। इस महति सभा को रणविजय सिंह राजपूत, पिंस कुमार गुप्ता, भगवान प्रसाद, मोहिबुल रहमान मुन्ना, कामेश्वर सिंह, आरती देवी दास, प्रेम कुमार पिंटू तथा चतरा लोस निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्यासी के छोटे भाई नकुल त्रिपाठी प्रमुखता से मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल को जनविरोधी तथा हिटलर साही तानासाही बताया। मौके पर काफी संख्या में महिला एवं पुरुष की उपस्थिति देखी गई।

## लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं के मतदान की अहम भूमिका : सागर

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रति दिन विभिन्न- विभिन्न जगहों पर जाकर युवा मतदाता को मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सागर कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे देश में विकास के लिए मत का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। शत प्रतिशत मतदान से हम एक अच्छे जनसेवक का चयन कर सकते हैं जो हमारे क्षेत्र के विकास में सहयोग करेंगे. लोकतंत्र का महापर्व हमारे लिए एक उत्सव का पर्व है। लोकतंत्र में सरकार बनाने में प्रत्येक नागरिक का योगदान रहता है जिससे एक सशक्त ईमानदार सरकार का निर्माण हो और भारत देश पूरे विश्व में गौरव प्राप्त करें. वही वर्मा ने आगे कहा कि सभी छात्र- छात्राओं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। हम सभी युवाओं को कंधों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है देश में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा का चुनाव चल रहा है और इस लोकसभा चुनाव में हम युवा और विद्यार्थी मतदाताओं की संख्या बहुत ही अधिक है, और ऐसी स्थिति में अपने देश के लोकतंत्र को सशक्त शक्तिशाली और समृद्ध बनाने में हम सभी लोगों की अहम भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(उत्पाद शाखा)

शुष्क दिवस (DRYDAY) आदेश

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–576/14/2024/ EPS दिनांक–16/03/2024 में दिए गए निदेश के आलोक में मंत्रिमण्डल निर्वाचन विभाग झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1186 दिनांक–18.03.2024 के अनुपालन में आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, राँची में अपने पत्रांक–651 दिनांक– 01/04/2024, पत्रांक -813 दिनांक - 12/04/2024 एवं पत्रांक -814 दिनांक -12/04/2024 के द्वारा झारखण्ड, राज्य में एवं राज्य के सीमावर्ती जिलों में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन शुष्क दिवस घोशित करने का निदेश है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में झारखण्ड राज्य के लातेहार (चतरा लोक सभा क्षेत्र)जिला में पांचवें चरण तथा सीमावर्ती राज्य के छतीसगढ़ के बलरामपुर(सरगुजा लोकसभा क्षेत्र)जिल में तृतीय चरण में तथा लातेहार के निकटवर्ती जिले पलामू एवं लोहरदगा में चतुर्थ चरण में एवं राँची जिले में छठे चरण में मतदान निर्धारित है।

अतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(•) में निहित निदेश के आलोक में मैं गरिमा सिंह(भा० प्र० से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार आदेश देती हूँ कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर लातेहार जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्नांकित तिथियों को उसके सामने अंकित अवधि तक के लिए शुष्क दिवस (DRY DAY)घोशित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | लोकसभा क्षेत्रका नाम | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस की अवधि | मतगनणा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01–बलरामपुर,(सरगुजा लोकसभा क्षेत्र), छतीसगढ़ (Third Phase) | दिनांक–07.05.2024 | 05-05-2024 के अपराहन 05:00 बजे से दिनांक–07-05-2024 के अपराहन 05:00 बजे तक | 04.06.2024 को शुष्क दिवस (DRY DAY) |
| 2 | 13– पलामू एवं 12– लोहरदगा (Fourth Phase) | दिनांक–13.05.2024 | 11.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–13.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |
| 3 | 04–लातेहार,(चतरा लोकसभा क्षेत्र) (Fifth Phase) | दिनांक–20.05.2024 | 18.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–20.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |
| 4 | 08– राँची (Sixth Phase) | दिनांक–25.05.2024 | 23.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–25.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |

उक्त अवधि में सम्पूण लातेहार जिला निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत किसी भी होटल, भोजनालय, पाकशाला, मधुशाला दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रीटयुक्त, किन्वित या मादक लीकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ न तो बिक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न ही वितरित किया जाएगा।

इस आदेश की अवहेलना के लिए दोशी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 (ग) एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त,लातेहार

PR 324918 Latehar(24-25)#D

# घाघरा : घर में लगी आग, बेघर हुए परिवार के लोग

### बच्चे गए थे स्कूल, कोई नहीं था घर पर, हो गई अनहोनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोटामाटी टंगराटोली निवासी मुन्ना उरांव के घर मे आग लग जाने से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना शुक्रवार पूर्वाह्न करीब आठ बजे की है। घर के मुखिया मुन्ना उरांव एवं पत्नी ललिता देवी ने बताया कि उसके तीन बच्चे स्कूल गए हुए थे जबकि एक बच्चा मवेशी चराने और सबसे छोटा चार वर्षीय बच्चे को मां ललिता सुबह करीब 7 बजे खाना देकर कुवां खुदाई में मजदूरी करने चली गयी जबकि पति मुन्ना उससे पहले ही घाघरा के एक होटल जहां वह प्रतिदिन काम किया करता था वहां चला आया था। करीब आठ बजे सुबह मुन्ना के घर से धुवाँ देख आस पड़ोस के लोगों ने सोचा कि खाना पकाया जा रहा होगा लेकिन जब धुवाँ कम होने के बजाय बढ़ता गया तो लोगों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई और मुन्ना के घर पहुचे तो देखा कि घर मे आग लग गयी है। पास में ही टंकी से पाइप जोड़ एवं मुन्ना के घर मे गिरे हुवे बालू के सहारे आग को बुझाने का प्रयास किया गया। इधर ग्रामीणों द्वारा मुन्ना को दूरभाष पर घर मे आग लगने की सूचना दे दी गयी थी। मुन्ना किसी के बाइक से अपने घर पहुचा तब तक उसकी पत्नी भी आ चुकी थी। सबों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक घर के छत में प्रयुक्त काठ में आग पकड़ ली थी और काठ जलने से छत पर लगे एस्बेस्टस धरासायी हो गिरकर छतिग्रस्त हो गया। साथ ही कमरे में रखे धान सहित हल आदि जलकर राख हो गए। घर मे आगजनी में हुवे नुकसान को लेकर मुन्ना ने अंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# जंगली हाथी ने एक ग्रामीण का घर किया ध्वस्त, चट कर गया अनाज

### पीड़ित व्यक्ति ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखण्ड निवासी सुखदेव उरांव के घर को जंगली हांथी ने क्षतिग्रस्त कर घर में रखें गयें धान के बोरे को बाहर निकाल कर खाया और बर्बाद भी कर दिया है। सुखदेव उरांव ने बताया की वह अपनी एवं बच्चों को लेकर पास के गांव में एक शादी समारोह में भाग लेने गया हुआ था। इसी क्रम में रात्रि में उक्त जंगली हांथी ने उसके में आकर घर के दिवार को ध्वस्त कर दिया और घर में रखें धान के बोरे को घर से बाहर निकालकर खा गया और बर्बाद भी कर दिया हैं। दूसरे दिन जब घर में पहुंचा तो देखा की जंगली हांथी ने मेरे घर को ध्वस्त कर दिया है और घर में रखें धान को बाहर निकालकर खा गया है और बर्बाद भी कर दिया हैं। फलस्वरूप उक्त गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हैं। सुखदेव उरांव ने वन विभाग में मुआवजे की मांग की गुहार लगाई हैं। स्थानीय ग्रामीणों केअनुसार वन विभाग की आक्रमान्यता और कार्य शिथिलता के कारण उक्त गांव एवं आसपास के गांवों में उक्त घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है।

## न्यूज | बॉक्स

### बटालियन ने शहीद एसएन भगत के परिजनों को फोटो बैनर दिया



**लोहरदगा।** पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड सेक्टर एवं कमाण्डेन्ट-158 बटालियन राहुल कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को 158 बटालियन सी.आर.पी.एफ. के क्षेत्राधिकार में निवासरत, गांव-हुवाहार, थाना किस्को, जिला-लोहरदगा के शहीद एस.एन. भगत के परिवार को पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र राँची के द्वारा तैयार किये गए शहीद के फोटो एवं बैनर को सुपुर्द किया गया। सहायक कमांडेन्ट, उनि./जीडी देशराज (नोडल अधिकारी) तरून कुमार मंडल, तथा वाहिनी के अन्य जवानों ने शहीद के परिवार के साथ मिलकर जलपान किया तथा उनकी कुशल क्षेम पूछा एवं समस्याओं के बारे में पूछा गया। तदोपरान्त कल्याण महानिदेशालय के निर्देशानुसार शहीद परिवार की समस्याओं/ग्रीवांस के निपटान हेतु तैयार किया गया वीर परिवार एप को उत्तराधिकारी के मोबाईल पर डाउनलोड कर इंस्टॉल किया गया। जिससे कि वे सीआरपीएफ के सक्षम प्राधिकारी को घर बैठे ही अपनी समस्याओं से अवगत करा सकें। तद्नुसार विभाग द्वारा उनका निपटान किया जा सके।

### मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर स्पेशल लोक अदालत 8 जून को



**लोहरदगा।** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस के लंबित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करने हेतु झालसा रांची के निदेर्शानुसार दिनांक 8 जून 2024 को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के निर्देशानुसार क्लेम केस के अधिवक्ता एवं इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं की संयुक्त मीटिंग डालसा सचिव राजेश कुमार के कार्यालय कक्ष में हुई। जिसमें क्लेम केस करने वाले अधिवक्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा केस को निपटाने के लिए संकल्प व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने 16 ऐसे क्लेम वादों का सूची डालसा सचिव को सौंपी। जिसका निस्तारण आने वाले 8 जून को स्पेशल लोक अदालत में किया जा सकता है। मीटिंग में अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पाठक, जयप्रकाश नारायण सिन्हा, मोतीलाल, एलपीएन सहदेव, प्रमोद प्रसाद, कुमार चंद्रशेखर, आनंद अग्रवाल एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। डालसा सचिव ने स्पेशल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए यह बताया कि सिविल कोर्ट में मोटर वाहन दुर्घटना संबंधित दावों को लेकर कुल 126 मामले लंबित हैं। स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से 20% लंबित वादों को निपटाने का लक्ष्य झालसा रांची द्वारा दिया गया है।

### वज्रपात से दो मवेशी की मौत



**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के टेंगरिया गांव में शुक्रवार शाम हुई जोरदार वज्रपात से टेंगरिया निवासी कहरू महतो का दो मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। वही कहरू महतो की पत्नी बहनी देवी को भी झटका लगा है। जिससे वह वेशुद्ध अवस्था मे पड़ी दिखी। जानकारी के अनुसार वाहन सुविधा नहीं होने के कारण बहनी देवी को उपचार के लिये नहीं लाया गया था।

### मिट्टी के सीकोर एवं चावल के दाने आज बांटे जाएंगे : राहुल

**लोहरदगा।** जिले में बढ़ती हुई बेतहाशा गर्मी को लेकर एक और जहां आम इंसान परेशान है। वही पक्षी और मवेशी भी उतने ही पानी के लिए व्याकुल है। इस निमित्त साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा इकाई तथा बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के सौजन्य से बीएस कॉलेज के निकट राहगीरों तथा बस्तियों में मिट्टी के सीकोर एवं चावल के दाने जन जागरण हेतु बांटे जाएंगे। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अधिवक्ता, रोड सेफ्टी मेंबर, रेड क्रॉस मेंबर,शिक्षा जगत से जुड़े लोग, क्रिकेट खिलाड़ी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग इस अभियान में हिस्सा लेकर लोगों से अपने-अपने घरों में सिकोरा एवं चावल के दाने रखने की अपील करेंगे। सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार ने यह जानकारी दी।

# अवैध बालू परिवहन में बिना नंबर के दो ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मेढ़ों स्थित कोयल नदी तट के बालू घाट से अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस बल के द्वारा बालू के अवैध खनन एव परिवहन की गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए। बिना नम्बर का दो ट्रैक्टर को मेढ़ों कोयल नदी तट से जब्त कर सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। मेढ़ों कोयल नदी से बालू माफियाओं द्वारा शुक्रवार को बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को मिलने पर प्रशिक्षु एस पी सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर को करवाई का निर्देश दिया गया। जिनके निर्देश पर एसआई मनोज कुमार द्वारा क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छापेमारी करते हुए मेढ़ों कोयल नदी से बिना नम्बर का दो ट्रैक्टर को जप्त करते हुए। सेन्हा थाना में ला कर सुरक्षित रखा गया गया। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के लिखित आवेदन पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से बालू उठाव कर विभाग का राजस्व क्षति करते हुए चोरी छुपे लगातार बालू ढुलाई कर ने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 37/24 दर्ज कर खनन अधिनियम की धारा 379,411 के तहत अवैध तरीके से बालू परिवहन करने के मामले में ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। अवैध बालू ढुलाई करते हुए ट्रैक्टर जब्त होने पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर एस आई मनोज कुमार शस्त्र पुलिस पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

# गुमला के बिशुनपुर में 12 वर्षीया बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## तीन युवक गिरफ्तार, जेल भेजे गए, तीन नाबालिग भेजे गए बाल सुधार गृह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर।** गुमला के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 12 वषीर्या बच्ची के साथ नजदीकी गांव के तीन युवकों और तीन नाबालिगों द्वारा दुष्कर्म करने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता का परिवार काफी गरीब है। लड़की के पिता ईंट भट्ठे में काम करने बाहर गए हुए हैं। अभी घर की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां पर है।

पुलिस ने मामले में घाघरा थाना क्षेत्र स्थित केठठोकवा, बनालात ग्राम निवासी तीन युवकों महानंद उरांव, मनदेव टोप्पो और रूपेश उरांव को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें गुमला जेल भेज दिया गया। वहीं, तीन अन्य नाबालिग आरोपियों को निरुद्ध किया गया, जिन्हें न्यायालय के आदेशानुसार बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया। बताया जाता है कि पीड़ित बच्ची अपनी सहेलियों के साथ गांव में सोमवार को एक शादी



पीड़िता की मां ने बिशुनपुर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

समारोह में मड़वा के कार्यक्रम को देखने गई हुई थी। वहां रात में डीजे बज रहा था और पीड़ित बच्ची अपनी सहेलियों के साथ नाच-गा रही थी। वहां दुष्कर्म के आरोपी छह लड़के भी आए थे। रात्रि में नाचने के उपरांत, लगभग 2:00 बजे रात्रि में अपनी सहेलियों के साथ पीड़ित बच्ची खेत पार कर अपने टोला जा रही थी। रास्ते में आरोपी लड़कों ने पीड़ित लड़की को पकड़ लिया एवं उसकी सहेलियों को किसी को कुछ नहीं बताने का धमकी देकर वहां से भगा दिया। इसके बाद बच्ची को अपने साथ गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल की ओर ले गए, जहां पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इधर, घर पहुंची लड़की की सहेलियों ने उक्त घटना की जानकारी उसके घर वालों को और गांव वालों को दी। इसके बाद गांव वाले एकजुट होकर उन्हें ढूंढने निकले। इधर, ग्रामीणों की गतिविधि की सूचना मिलने पर लड़के मौके से भाग निकले, लेकिन बनालात भट्ठी टोली के एक लड़के को ग्रामीणों ने धर दबोचा। जब उस लड़के को गांव लाया गया और पूछताछ की गई, तो उसने अपने अन्य साथियों का नाम बताया। इसके उपरांत ग्रामीणों ने पांच आरोपियों को उनके घर से धर दबोचा और उन्हें गांव में ही बांधकर बिशुनपुर थाने को घटना की सूचना दी। बिशनपुर थाना प्रभारी उदेशवर पाल गांव पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा बांध कर रखे गए आधा दर्जन आरोपियों को बिशुनपुर थाना ले आए। सबसे पूछताछ की गई और पीड़िता को मेडिकल के लिए बिशुनपुर सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

### शराब पिलाने से मना करने पर दोस्त ने ईंट से मारकर किया घायल

गुमला। जिला मुख्यालय स्थित बड़ाइक मोहल्ला में, बड़ाइक मोहल्ला निवासी गोबी लोहरा ने अपने दोस्त सुजीत खड़िया को शराब पिलाने को कहा। सुजीत द्वारा मना करने पर वह उसके साथ मारपीट करने लगा इसके बाद ईट से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे सुजीत जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हो गया। इसके बाद वह जमीन पर ही पड़ा रहा। होश आने के बाद वह किसी तरह सदर अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया। जानकारी देते हुए सुजीत ने बताया मैं टेंट हाउस में काम करता हूं आज ही मुझे 500 मजदूरी मिला है मेरा दोस्त गोभी लोहारा पैसा देख कर मुझे शराब पिलाने की जिद करने लगा। मना करने पर मेरे साथ मारपीट किया। सुजीत ने बताया एक दिन पहले गोभी लोहरा को भी 500 काम के बदले मिला था मैंने भी उसे शराब पिलाने को कहा उसने इंकार कर दिया था।

# कैरो प्रखंड में आज भी नहीं पहुंची हैं बुनियादी सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** विकास के तमाम दावों के बीच आज भी मूलभूत सुविधाओं से नदारत है कैरो प्रखंड। करोड़ो रुपए खर्च के बाद बने कई भवन का उद्घाटन भी नहीं हो पाया और भवन जर्जर हो गई। प्रखण्ड मुख्यालय से महज आधा किमी की दूरी में एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त अस्पताल उद्घाटन की बांट जोहते जोहते जर्जर हो गई। वर्ष 2014 से अस्पताल का भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। अस्पताल चालू नहीं होने के कारण भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। सढाबे पंचायत के एडादोंन गांव मे कोयल नदी तट पर बने आईटीआई कॉलेज व छात्रावास 2017-18 मे बनकर तैयार हो गया था जो देखरेख के अभाव मे अब जर्जर होने की स्तिथि मे हैं आये दिन असमाजिक तत्व इसे बर्बाद कर रहे हैं। करोड़ों के खर्च पर शुद्ध पेयजल



के लिए लगी जलमीनार लगभग एक वर्षो से खराब ठप पड़ा हुआ है। चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों के समक्ष खाने की फिक्र से ज्यादा पानी की चिंता लगी रहती है। वहीं बात करे सड़के की तो स्थिति बहुत ही खराब है,बरसात के दिनों में तो प्रखंड मुख्यालय के कई सड़क पर बुरी बरसात पानी जमा रहता है, अब आम दिनों पर भी लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। मुहल्ले में नाला नहीं होने से सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जब आम जनता यानी असली मतदाता ही असली मुद्दों से वाकिफ नहीं है तो पार्टियां कब से ऐसा चाहती आ रही हैं।

### तीन बच्चों की मां से प्रेम-प्रसंग में एक युवक ने पिया कीटनाशक

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगा कांटा कांसीर टांड़ निवासी 19 वर्षीय ललित तिर्की ने गुरुवार की शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक का गांव के ही एक महिला से प्रेम प्रसंग विगत 5 वर्षों से चल रहा है। महिला के तीन बच्चे भी हैं। महिला अपने पति के साथ रांची में रहती है। युवक भी बीच-बीच में उससे मिलने रांची जाता है। तीन दिन पहले ही वह पूरे परिवार के साथ गांव आई थी। इसी बीच युवक से उसका विवाद हो गया। महिला ने युवक से कहा कि वह शादीशुदा है और अब वह उसके साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहती है। इसके बाद युवक सदमा में आ गया और गुरुवार की शाम घर में रखा चूहा मारने वाला दवा का सेवन कर लिया।

# बीडीओ ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ की बैठक, योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक अधिकारी एवं कर्मियों के साथ किया। बैठक में बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक योजना मनरेगा के तहत सिंचाई कूप, अबुवा आवास सहित विभिन्न योजनाओं का पेंशन सहित सभी सरकारी विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को समय से सभी योजनाओं को पूर्ण करने एवं कार्यान्वित योजनाओं में पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने के साथ ही आगामी दिनों में जिलाधिकारी का प्रखंड मुख्यालय के निरीक्षण की विभिन्न तैयारियों का भी मुख्य रूप से चर्चा किया गया। बीडीओ ने कहा कि लोक सभा चुनाव सम्पन्न हो गया है। लोकसभा चुनाव सभी के सहयोग से क्षेत्र में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके के सभी कर्मी बधाई के पत्र है। चुनाव के बाद सभी को विकास योजना को समय से पुरा करना है। विकास योजना में किसी भी कर्मी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ अभिषेक किशोर, पंचायत सचिव तिवारी भगत, महिपाल भगत, आलोक भगत, प्रखंड सहायक, लेखा सहायक, आवास सहायक, प्रखंड कार्यपालक सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलयुगी पुत्र ने विधवा मां को त्रिशूल से मार कर किया गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित पुग्गु बेहराटोली में एक कलयुगी पुत्र ने अपनी, गुमला सदर थाना स्थित बेहरा टोली निवासी विधवा मां मानु देवी (पति स्व० बुध्दु उरांव) को अपने ही कलयुगी पुत्र 18 वर्षीय गुड्डू उरांव ने अपने घर में सरना पूजा के लिए गाड़े गए। त्रिशूल को उखाड़ कर और दौड़ा दौड़ा कर अपनी मां मानु देवी के शरीर में तीन चार बार, वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और अपने घर से भागने में सफल रहा। बाद में आनन-फानन में उसकी बहन दिव्या उरांव ने अपनी मां मानु देवी को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले गयी। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, दिव्या कुमारी ने बताया की मेरा भाई गुड्डू उरांव, हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करता है और वह हमेशा नशे में रहता ह। जिससे हम सभी परिवार के लोगों को अपने जान का भय लगा रहता है। गत वर्ष गुड्डू उरांव, एक वृद्ध महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में उसे बाल सुधार गृह भेजा गया था। वहां से छूटने के बाद वह काम करने गोवा चला गया। बुधवार को वह गोवा से वापस आया और सीधा अपने एक दोस्त के यहां सिलम ग्राम चला गया। जब मेरी मां को उक्त



बात का पता चला की गुड्डू उरांव गावा से वापस आकर, अपने दोस्त के घर सिलम ग्राम चला गया है। तो मेरी मां गुरुवार को सिलम ग्राम जाकर उसे अपने घर लाई, फिर वह घर पर ही था और मैं अपने घर में ही लाल साड़ी पहन कर अपने मोबाइल से अपना फोटो ले रही थी। तो वह मेरे पास आया और गली गलोज करने लगा और लाल साड़ी मत पहनो, इसी बात को लेकर हम दोनों भाई बहन में तू तू मैं मैं हुई। तो वह मेरा मोबाइल लूट कर अपने पास रख लिया, तो मां उसे ऐसा करने से मना करने लगी। जिससे वह एकाएक भड़क कर और आक्रोशित होकर वह उठा और सरना पूजा के लिए घर में गड़े गये। उक्त त्रिशूल को उखाड़कर मां के ऊपर तीन चार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और घर से भाग गया हैं। बाद में मैं अपनी मां मानु देवी को इलाज के लिये, गुमला सदर अस्पताल लाईं, जहां डॉक्टरों के देखरेख में मां मानु देवी का इलाज चल रहा हैं।

# अब हार-जीत को लेकर लगाए जा रहे कयास

## जीत का सेहरा बंधेगा किसके सिर का आंकड़ा निकालने में व्यस्त हैं राजनीतिक पंडित

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

झारखंड में चार लोकसभा सीट पर प्रथम चरण का मतदान 13 मई को हो गया है। इस क्रम में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का भी चुनाव हो गया है। इस लोकसभा सीट पर कुल 15 प्रत्याशी मैदान में है जिनकी किस्मत 13 मई को ईवीएम में बंद हो गई है जो अब 04 जुन को खुलेगी। इधर चुनाव के पश्चात ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में रखे जाने के बाद समर्थकों में जीत हार को लेकर कयासबाजी का दौर शुरू हो गया है। पिछले चार दिन से लोहरदगा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चर्चाओ का माहौल गर्म रहा। चाय पान की दुकानें हो या कार्यालय, सभी जगह सुबह से लेकर शाम तक लोग जीत हार के लिये गणित लगाते हुए देखे गये। चौक-चौराहे, चाय-पान की दुकानों, हाट बाजारों, गांव-गलियों और चौपालों पर एक-दूसरे के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोक रहे हैं। वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगाई जा रही हैं। सुबह से ही गली कूचे, चौराहों और चाय पान की दुकानों पर पार्टी प्रत्याशी और समर्थक जीत हार के लिये गणित लगाते रहे। अब मतदान के बाद लोग जीत हार को लेकर माथा







पच्ची करने में जुटे हुए हैं। हालांकि दो प्रमुख राजनैतिक दलों व निर्दलीयों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी के जीत के दावे कर रहे हैं। किस प्रत्याशी के पक्ष में हवा चली, कौन जीत सकता है, इन चर्चाओ का माहौल खासा गर्म रहा।

लोग चुनावी जानकारी पाने के लिये इतना उतावले दिखाई दिये कि कामकाज छोड़कर पार्टी कार्यालयों में पहुंचकर जीत हार के लिये गुणा भाग करते रहे। सरकारी कार्यालयों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी लोग कामकाज करने के बजाय चुनाव प्रतिशत किसके पक्ष में अच्छा रहा, कौन जीत सकता है, इन मुद्दों पर चचाएं करते रहे। इस दफा के चुनाव में मतदाताओं द्वारा जोश और उत्साह के साथ की गई वोटिंग के बाद अब वह चुनाव नतीजे जानने के लिये बेचैन हैं। वहीं विभिन्न दलों के पार्टी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा है। सभी जगहों से जीत किसकी होगी की बहस विवाद का रूप ले रही है। समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक पंडित गुणनफल निकाल रहे हैं कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। सभी लोग अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत बताने में पीछे नहीं हट रहे हैं। कोई मुस्लिम मतदाताओं के जोरदार मतदान तो कोई मतों के बिखराव एवं आदिवासी समुदाय के वोट का बिखराव, अगड़ी व पिछड़ी गोलबंदी होने की बात बताते हुए अपनी चुनावी गणित का इजहार कर रहे हैं। फिलहाल चारों ओर मतगणना के पूर्व ही अपने राजनीति गणित के आधार पर जीत-हार का फैसले करते हुए एक-दूसरों के साथ चर्चाओं में मशगूल हैं। गौरतलब हो कि लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े है।

वर्तमान में गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ), रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), अर्जुन टोप्पो (निर्दलीय) , अर्पण देव भगत (निर्दलीय) , चमरा लिंडा (निर्दलीय), पवन तिग्गा (निर्दलीय), मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय), रंजीत भगत (निर्दलीय), सनिया उरांव (निर्दलीय), व स्टेफन किंडो (निर्दलीय) चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन सभी प्रात्यशियो की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। लेकिन भाजपा के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत व निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष होना तय है।

### प्रत्याशियों के घर गुलजार

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया है, लेकिन अब प्रत्याशियों के घर गुलजार हो गये हैं। समर्थक और चुनाव में दिन रात मेहनत करने वाले मतदाताओ का प्रत्याशियों के घरों पर जमावड़ा लग रहा है। समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता अब अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत के दावे करते हुये थक नहीं रहे हैं। चुनाव कार्यालयों में तालाबंदी के बाद अब समर्थक घरों में चाय नाश्ता चट कर रहे हैं।

### दावों को ले बढ़ रहीं तल्खियां

लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के साथ हीं जीत व हार का मंथन का दौर शुरू हो गया है। इस बीच जीत के दावों को लेकर लोगों के आपस में तकरार बढ़ गई है। बातो-बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं। वहीं सामने वाला अपनी जिद पर अड़ा है। नतीजतन जीत के दावे को लेकर तल्खियां बढ़ी हैं।बता दें कि इस लोस चुनाव ने लोगों के बीच की दूरियां बढ़ा दी है। जिसे अब पाटने में समय लगेगा।

## एक नजर

### मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों में मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट होने के कारण कई मतदाता आपने मताधिकार से वंचित रह गए. इस मामले को लेकर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पाण्डेय ने केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है.पत्र के माध्यम से कहा कि जहाँ निर्वाचन आयोग वोट का प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई कदम उठाए हुए हैं, ताकि देश में अधिक से अधिक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें, लेकिन कई मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत देने से वंचित हो गए। चक्रधरपुर के शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 224, 225, 226 एवं 227 के कई मतदाता लगभग 700 से भी अधिक के नाम पर का स्टाम्प मारा हुआ था, जिससे वे अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाये। इसका परिणाम यह हुआ कि मतदान का प्रतिशत कम हुआ, जबकि वे मतदाता उस वार्ड में ही निवास करते हैं, कुछ नागरिक उस स्थान से कहीं अन्यत्र रहने लगे है, परन्तु वे कहीं भी अन्यत्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं कराये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गलती किस पदाधिकारी से हुई, बीएलओ की गलती से इतने नागरिक मत देने से वंचित रह गए या किसी अन्य पदाधिकारी की गलती से, इसकी सच्चाई से जांच होनी चाहिए ताकि दोषी पदाधिकारी पर विभागीय एवं कानूनी कारवाई हो सके।

### निगम क्षेत्र के 55 हजार परिवार को 24 घंटे होगी जलापूर्ति

**आदित्यपुर।** तकरीबन 7 साल बाद जुलाई 2025 में आदित्यपुर वृहद जलापूर्ति योजना पूरी हो जाएगी. जिससे आदित्यपुर निगम क्षेत्र के तकरीबन 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ मिलने लगेगा. चूंकि योजना के तहत सपड़ा और सीतारामपुर में फिल्टरेशन प्लांट का निर्माण कार्य जुडको ने वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर शुरू कर दिया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद सपड़ा के वन भूमि से 1750 में से 1200 पेड़ भी हटाए जा चुके हैं।बता दें कि वर्ष 2018 में 395।12 करोड़ की लागत से आदित्यपुर के 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ देने के लिए तत्कालीन झारखंड सरकार ने वृहद जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया था, तब 30 महीने का लक्ष्य रखकर योजना का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन वह वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और दूसरे अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के चक्कर मे छह साल गुजर गए। इस बात से नाराज आदित्यपुर की सामाजिक संस्था जन कल्याण मोर्चा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत संडे मार्केट के पास मंगलवार रात गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी अभिषेक सिंह पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने राहुल नायक उर्फ पांडा, श्रुति नायक और युवराज दास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।थाना प्रभारी नेमधारी सिंह ने बताया कि श्रुति और अभिषेक पूर्व में प्रेम संबंध में थे। बाद में श्रुति ने की शादी राहुल से हो गई। शादी के बाद भी राहुल फोन पर बात किया करता था। कई बार उसे ऐसा करने से मना भी किया गया पर वह परेशान करता रहा। घटना की रात श्रुति ने उसे फोन कर बुलाया जहां श्रुति, राहुल और उसका साथी युवराज पहले से ही मौजूद थे। सभी ने मिलकर अभिषेक पर हमला कर दिया। बाद में उसे घायल अवस्था में एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल अभिषेक इलाजरत है।

# देश और राज्य का विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव : सीता सोरेन

## मौजूद सरकार ने राज्य को केवल लूटने का किया काम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन शुक्रवार को बेंगाबाद के दौरे पर थी। बेंगाबाद के डाकबंगला चौक पहुंची और नुक्कड़ सभा कर लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि देश और राज्य का विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। वर्तमान में झारखंड राज्य में जो सरकार चल रही है वह राज्य का विकास नहीं करके अपना विकास कर रही है। कहा झारखंड में सिर्फ चेहरा बदलने का काम किया जा रहा है और मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री का खेल खेला जा रहा है। कहा राज्य सरकार ने विकास नहीं किया बल्कि राज्य को लूटने का काम किया है। ये सरकार झूठ का पुलिंदा और जुमलेबाज साबित हुई है। उन्होंने जनता से विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने की बात कही और कोडरमा लोकसभा एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। इससे पहले वह कर्मजोरा स्थित सिद्धू कान्हू पार्क पहुंची और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मौके पर कई भाजपाई उपस्थित थे।

## पीएम मोदी की सुरक्षा में 1651 अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 19 मई को जमशेदपुर में प्रस्तावित चुनावी जनसभा के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की प्रतिनियुक्ति शुक्रवार से की गई है। इसमें 27 इंस्पेक्टर, 246 एसआई और एएसआई, 1246 लाठी बल, 82 सशस्त्र बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीमें, तीन हिट टीमें, तीन डॉग स्कवायड और रैप की दो कंपनियों सहित इको की चार टीमें शामिल हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने मउभंडार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार पहुंचेंगे। बताया गया है कि मउभंडार ग्राउंड प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुरूप छोटा है। इस हिसाब से कार्यक्रम स्थल और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर कंट्रोल बनाए रखना चैलेंज भरा काम होगा। क्योंकि, शहर में एक ही मुख्य मार्ग है, जो सभास्थल मैदान के समीप से होकर गुजरती है। जनसभा में दूर-दराज से वाहनों से पहुंचने वाले लोगों को कार्यक्रम स्थल से ही कुछ दूरी पर बड़े वाहनों को तय पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करना होगा। इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बेनाशोल फुटबाल ग्राउंड, मउभंडार बाबूलाइन, टुमांगडुंगरी ग्राउंड, सर्कस मैदान ग्राउंड और कीताड़ीह काजू जंगल के समीप ग्राउंड को देखकर उसे चिह्नित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने तीन मई को सिंहभूम और रांची, चार मई को पलामू और सिसई में जनसभा को संबोधित किया था। इसके बाद 11 मई को चतरा के सिमरिया और 14 मई को गिरिडी में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने किया डिस्पैच सेंटर व कमीशनिंग रूम का निरीक्षण



**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त आज सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशलुंडी में स्थापित डिस्पैच सेंटर तथा कमीशनिंग रूम का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा किया जा रहे कार्यों का जांच कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मियों की कार्य प्रणाली व कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, संबंधित कोषांग के अधिकारी समेत निर्वाचन के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

### मुंडा समाज के लोगों ने महागठबंधन के प्रत्याशी को दिया समर्थन



**घाटशिला।** मुंडा समाज के लोगों ने घाटशिला के एक होटल में शुक्रवार को बैठक आयोजित कर इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती को समर्थन देने की घोषणा की। मौके पर प्रत्याशी समीर महंती ने कहा कि अब समय आ गया है कि मोदी सरकार के घमंड को तोड़ने का। उन्होंने भगवान श्री राम के संबंध में कहा कि जब महाबली लंकेश को मारकर अयोध्या लौटे थे तो माता कैकई ने कहा की बेटा लंकेश को तुमने मार दिया उन्होंने कहा कि मैंने नहीं मारा उन्हें उनका अहम मारा है। समीर महंती ने कहा कि इसका तात्पर्य है कि जब-जब सत्ता के सर्वोच्च स्थान पर बैठने वाले को अहम हो जाए तो विनाश निश्चित है।

### सुंदरनगर पुलिस ने अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा



**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के प्रवाह और इसके निर्माण कार्य पर नकेल कसने को लेकर सभी थानों की पुलिस सक्रिय है. इसी कड़ी में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर सुन्दरनगर थाना पुलिस ने चिरुगोड़ा के जंगल में अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन देशी शराब के भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने वाले उपकरण जप्त किए हैं। वहीं मौके पर पुलिस ने 200 केजी अवैध महुआ बरामद किया जिसे विनष्ट कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सुंदर नगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठियों का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। हालांकि छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सीता नवमी महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु चार प्रखंडों में होगा कार्यक्रम

**चांडिल।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. वैसे विहिप की ओर से 12 से 19 मई तक पूरे देश में सीता नवमी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है. इसी क्रम में शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंड चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू व नीमडीह में राम नवमी महोत्सव के तर्ज पर सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. तय कार्यक्रम के तहत सीता नवमी महोत्सव का शुभारंभ ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के नवाडीह गांव के हरि मंदिर से होगा।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चुनावी कार्यालय में की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल जाने के दौरान भाजपा के घाटशिला विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि चार चरण का मतदान संपन्न हो चुका है. पांचवें चरण में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें एवं देश के सशक्त निर्माण में अपना योगदान करें। उन्होंने कहा कि देवतुल जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जिसका परिणाम है कि 10 वर्षों में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो या आंतरिक स्तर पर हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है।उन्होंने लोगों से अपील है कि ऐसे सशक्त व्यक्ति के हाथ में देश की बागडोर सौंपने के लिए भाजपा को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिन का एजेंडा तैयार कर दिया है। सभी मंत्रालय को भी निर्देश जारी किया गया है। चुनाव के बाद देश के विकास में रुकावट ना हो इसके लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार है। उनका लक्ष्य 125 दिन का है। मौके पर बड़कुवर घाघराई, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, देवयानी मुर्मू बृजेश सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिरनी में इंडिया गठबंधन की सभा में उमड़ा जनसैलाब

## मोदी सरकार ने जनता को ठगा : ठाकुर



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरीडीह**

बिरनी के बाजार मैदान में इंडिया गठबंधन के सभा का आयोजन किया गया।। इस सभा में मुख्य रूप से कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, इंडिया गठबंधन कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, गौतम सागर राणा,बगोदर के वरिष्ठ नेता बासुदेव वर्मा, डॉ सलीम अन्सारी,सीताराम सिह समेत हजारों की संख्याओं में महिला पुरुष उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। आपको मालूम होगा कि कोडरमा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आने के बाद मोदी सरकार को भी डर पैदा हो गया।। जिसके लिए मोदी सरकार को जनसभा करने की जरूरत पड़ गई।। बिना चुनाव के कोडरमा क्षेत्र में वे नहीं आये। जब मोदी सरकार को लगा कि कोडरमा में मेरा फूल को जनता ने उखाड़ फेकने का ठान लिया है तो उनकी बैचेनी बढ़ गई। इंडिया गठबंधन की यहां से जीत तय है। महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने जनसभा को संबोधित करते कहा कि मोदी सरकार को इस बार मुँह तोड़ जबाब मिलेगा, इस चीज की जबाब देश की जनता देगी,क्योंकि मोदी सरकार सिर्फ जनता को मूर्ख बनाने का काम किया है।। मोदी सरकार ने देश में नफरत फैलाने का काम किया है।

इंडिया गठबंधन कोडरमा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार कोडरमा सहित पूरे राज्य से भाजपा का खूंटा उखड़ना तय है। केंद्र की भाजपा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने लोगों से कोडरमा में बढ़ चढ़कर इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### गावां के लोढ़ियाटांड़ में भाजपा की चुनावी जनसभा

## क्षेत्र का विकास भाजपा की देन : मरांडी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां थाना क्षेत्र के लोढ़ियाटांड़ गांव के समीप मैदान में भाजपा की ओर से चुनावी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह, विधानसभा प्रभारी चुन्नुकान्त एवं अशोक उपाध्याय उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए बाबुलाल मरांडी ने कहा कि क्षेत्र का विकास भाजपा का ही देन है। सुदूरवर्ती गांव में सड़क, पुल पुलिया के अभाव था। जिसके कारण लोग भारी परेशानी का सामना करते थे। मैं जब राज्य का मुख्यमंत्री बना तो इस क्षेत्र में पुल पुलिया व सड़को का निर्माण हुआ। लोग ढिबरी युग मे जी रहे थे। लेकिन भाजपा की सरकार में घर घर बिजली पहुँचाया गया है। वहीं आवास की सुविधा भी मिल रही है। क्षेत्र में उग्रवाद चरम पर था। लोग घर से निकलने में भी भय महसूस करते थे। भाजपा के शासनकाल में ही इन क्षेत्रों में पुलिस पिकेट की स्थापना की गई। जिससे क्षेत्र में शांति है।

कहा कि इस क्षेत्र में ढिबरा रोजगार का साधन है। वर्तमान झामुमो की सरकार ने इसे छिनने का काम किया है। स्वयं बालू को बिहार व यूपी में भेजते है। पत्थर की चोरी करवाते हैं। और गरीब जब घर बनाने के लिए नदी से बालू उठाता है। तो उसे रोका जाता है। वर्तमान गठबंधन की सरकार में जब ईडी की छापेमारी हो रही है तो अवैध नोटों का पहाड़ मिल रहा है। तिसरी के एक जगंली क्षेत्र के लोगो ने पीने के लिए पेयजल हेतु पम्प लगाया तो वह विभाग के लोगो ने उसे तोड़ दिया। आखिर जंगल मे रहने वाले पानी का व्यवस्था कहां करेंगे। जब कोई ग्रामीण आत्मरक्षा में भालू को मार देता है। उसे जेल भेज दिया जाता है। लेकिन जब भालू किसी को मार देता है वन विभाग के रेंजर फोरेस्टर आदि देखने तक नहीं जाते है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की तकलीफ हो तो मैं आपके घर का हूँ बेहिचक अपनी समस्या रखें, हम आपके साथ है।

## हाई वॉल्टेज तार की चपेट में आने से मदरसे का छात्र गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां प्रखंड स्थित मदरसा अनरलूल इस्लाम मे अध्ययनरत एक छात्र हाई वोल्टेज तार के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी प्रखंड के पलमरुआ निवासी मो शाहनवाज पिता मो सरफराज अपने मामा घर गावां प्रखंड के गदर में रहता था। बच्चे की मां का देहांत होने के बाद वे अपने मामा घर मे रहकर पढ़ाई करता था। वर्तमान में उसका नामांकन उक्त मदरसे में करवाने के बाद वहीं होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार की सुबह स्नान करने के लिए छत पर गया। नल से कम पानी आने पर छत में लगे टँकी में झांक कर पानी को देख रहा था। इस दौरान वह बगल से गुजरे 11 हजार तार के चपेट में आ गया। जिससे उसका दोनो हाथ व पैर आदि झुलस गया है। आनन फानन में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया। छात्र की गभीर स्थिति को देखते हुए परिजन इलाज के लिए इसे बोकारो ले गए है। घटना के बाद परिजनों समेत आसपास के लोगो मे आक्रोश व्यक्त है। लोगो का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं बिजली विभाग के लापरवाही से लगातार घट रही है। विभाग के द्वारा बार बार तार बदलने का आश्वासन दिया जाता है। लेकिन इस दिशा में कोई काम नही होने के कारण लगातार घटनाएं हो रही है। इधर भाकपा माले सचिव नागेश्वर यादव ने पीड़ित छात्र के परिजनों को इलाज हेतु मुआवजा देने की मांग की है।

### मतदाता जागरूकता रैली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होता है : प्रधानाचार्या






**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा जिले के मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोक सभा के आम चुनाव में भाग लेने हेतु, पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के चौथे दिन आज बी.एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय, धनबाद में मतदाता जागरूकता रैली तथा युवा मतदाताओं का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रथा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रोशन आरा, तृतीय पुरस्कार शगुन कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार कशिश कुमारी को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजुला गुप्ता और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तदोपरांत अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्या श्रीमती गुप्ता ने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए यह हर्ष और उत्साह का विषय है कि हमें लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने का अवसर मिला है। मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होता है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने युवा मतदाताओं और 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक छात्राओं को जानकारी दी। और सभी से अपील किया कि अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान विद्यालय के शिक्षक सुषमा कांडुलना अरविंद कुमार यादव रश्मि कुमारी रत्नेश कुमार रमेश कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे। विदित हो कि इससे पूर्व विभाग द्वारा 14 मई 2024 से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता रथ अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया था।

जागरूकता रथ द्वारा आज भी मतदाता जागरूकता रैली में हिस्सा लेने के बाद से, कोर्ट मोड़, डीआरएम चौक, श्रमिक चौक, नया बाजार, बैंक मोड़, बस्ता कोला,झरिया, गौशाला मोड़, इंदिरा चौक, लोधना मोड़, आदि जगहों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

## लू से बचने के उपाय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित, कई छात्र-छात्राएं हुईं पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च विद्यालय कडहरबिल, दुमका में छात्र-छात्राओं के बीच लू से बचने के उपाय पर निबंध प्रतियोगिता व परिचर्चा आयोजित किया गया। उविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार से लू से बचने के उपाय सुझाए

- लू से बचने के लिए ओआरएस का घोल या घर में बने नींबू/पानी/चीनी और चुटकी भर नमक नमक या फिर आम के पन्ने का सेवन करें
- धूप में निकलने से पहले अपने सिर को छतरी या मोटे कपड़े की सहायता से ढके रहें।
- धूप से वापिस आने के तुरंत बाद स्नान न करें।
- ज्यादा से ज्यादा पीना पीते रहें ।
- घर से खाली पेट ना निकलें हमेशा खाना खाकर व पानी पीकर ही निकलें।
- अगर लू लग ही जाए तो कपड़े को पानी में भीगा कर शरीर पोंछें? और कच्चे आम को भूनकर शरीर पर लगाएं तथा डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें
- सुती और गर्मी से सुरक्षा देने वाले खादी टाइप के कपड़े पहनें।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं

प्राची कुमारी, अरविंद मुर्मू , शिवम कुमार दास एवं दिव्या कुमारी

**निबंध प्रतियोगिता एवं परिचर्चा के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सिंधु स्नेही भारती, सहायक शिक्षक श्रीमती सविता कुमारी, श्री पवन कुमार ठाकुर एवं श्रीमती साहिल रेणुका किसकु आदि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में इकाई के तकनीकी सहायक एमके आलम ने भी सराहनीय योगदान दिया।**

सुप्रभात

**अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के सपने मत देखो, वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करो : गौतम बुद्ध**



# बेमौसम के मौसम को समझना जरुरी

गर्मी में बरसात और बरसात में सूखा किसानों के लिए ही नहीं जलवायु परिवर्तन से प्रभावित सभी के लिए चिंता का विषय है ।जीवन की विविधता के मूल में एक मूलभूत सत्य निहित है : जगत में सबकुछ अंतसंबंधों से बंधा है। जैव विविधता जीवन के स्थायित्व और चिरंजीविता के केंद्र में है, किंतु जैव विविधता के योग से भी परे अस्तित्व से आलोक से सराबोर जीवन स्वयं में नैसर्गिक विकास (इवोल्यूशन) की एक मनोरम गाथा का प्रतीक है। जैव विविधता ही जीवन की नैया की खेवनहार है। जितनी अधिक जैव विविधता, उतना ही अधिक जीवन का उत्कर्ष, उतना ही प्रबल जीवनगामी पृथ्वी का ब्रह्मांड में साम्राज्य! जैव विविधता जीवन की शाश्वतता की अनंत कथा है। जैव विविधता प्रकाश की जीवंत कहानी है, जिसे सूर्य का प्रकाश प्रकाश-संश्लेषण के माध्यम से जीवन ऊर्जा के अनंत रूपों में खिलकर आकाशगंगाओं को सुनाता है। प्रकाश की सृजनात्मक क्षमता असीमित है। पेड़-पौधों के पर्णहरित से अठखेलियां कर प्राकृतिक विकास के नवाचारों के झरोखे खोलता प्रकाश अनंत जीवों और पारिस्थितिक तंत्रों को निरंतर पोषित करता है। जीवन कथा को अमर बनाए रखने के लिए समय की धारा के साथ नई प्रजातियां और उनके आनुवंशिक रूप जीवन को समृद्धि और आनंद का उपहार देते रहते हैं। एक बहती नदी के समान ऊर्जा जीवन के विभिन्न माध्यमों से स्वयं को अभिव्यक्त करती है। पदार्थ निष्क्रिय होता है, ऊर्जा क्रियाशील। पदार्थ की क्रियाशीलता ऊर्जा के कारण ही होती है। संपूर्ण ब्रह्मांड की गतिशीलता का स्रोत ऊर्जा ही है। मुक्तावस्था में ऊर्जा विध्वंसक रूप ले सकती है, जिसे एन्ट्रॉपी कहते हैं। असंख्य जीव-वाहिकाओं में प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से प्रवेश कर सौर ऊर्जा एक रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करती है। सभी जीवधारियों का व्यवहार और उनके कार्य-कलाप उसी ऊर्जा की रचनात्मक अभिव्यक्तियां हैं। मुक्तावस्था में यही ऊर्जा अराजक हो सकती थी। ऊर्जा जीवन की जितनी विविधता में क्रियाशील होगी, उतनी ही सृजनशीलता और संतुलन की अवस्था में होगी। इसी प्रकार, पृथ्वी की भी ब्रह्मांड के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रह्मांड की एन्ट्रॉपी को नियंत्रित कर एक ब्रह्मांडीय संतुलन स्थापित करना ही जैव विविधता-भरी पृथ्वी का अनुष्ठान है। पृथ्वी पर जीवन केवल पृथ्वी का ही नहीं, ब्रह्मांड का एक उपादान है। पृथ्वी का उदय ब्रह्मांड के विकास की अनवरत यात्रा का एक लक्ष्य रहा होगा। ब्रह्मांड में 'बिग बैंग' की घटना से कालांतर में पृथ्वी-रूपी अमृत निकला, जैव विविधता जिसकी बूंदें हैं! ऐसे परिदृश्य पर विचार करें, जहां जीवन केवल एक ही प्रजाति के रूप में हो। ऐसा जीवन निरा अनिश्चित-सा होगा और ऐसी दशा में पृथ्वी कभी भी दुर्भिक्ष या किसी महामारी के कारण जीवन-विहीन हो सकती है। जीवों की घनी विविधता ने ऐसी संभावनाओं को क्षीण कर दिया। जीवन की स्थिरता, गतिशीलता और निरंतरता उसकी विविधता पर निर्भर है। जैव विविधता जीवन को जलवायु संबंधी अनियमितताओं के प्रति लचीला बनाती है और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम जीव समुदायों को पोषित करती है। विविधता स्वयं जीव समुदाय के लिए अस्तित्व का कारक है। जैव विविधता का समृद्ध भंडार जैव-रासायनिक चक्रों की निरंतरता सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, जैव विविधता पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखती है और जैवमंडल के जीवन-निर्वाह को संरक्षित करती है। जैव विविधता हमारे जिंदा ग्रह को जीवन-शक्ति प्रदान करती है। इस अद्भुत विविधता के जागरूक प्रबंधक के रूप में आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन के बहुरूप दर्शन को संरक्षित करना हमारा परम दायित्व है। पारिस्थितिक दार्शनिक हेनरिक स्कोलिमोस्की ने अस्तित्व संरक्षण के लिए जैव विविधता के आंतरिक मोल पर जोर देते हुए मानवता और प्रकृति के बीच गहन अंतसंबंध को गहराई से स्पष्ट किया है। जीवों के पारस्परिक तालमेल और मानव सहित संपूर्ण जीवन के अस्तित्व के लिए जैव विविधता जीवन के मूल सार का प्रतीक है।

इन दिनों

# हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव का गौरवशाली इतिहास

दूसरा पार्ट



विजय केसरी



प्रथम निर्वाचित सांसद बाबूराम नारायण सिंह



1980 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर डॉ. बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी की अजीमा हुसैन को भारी मतों से हराया था। इस बीच जनता पार्टी की मिली जुली सरकार आपसी खींचातानी में मोरारजी देसाई की सरकार चली गई थी। कुछ समय के लिए चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। 1984 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के दामोदर पांडेय ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को हराया था । इसी वर्ष 31 अक्टूबर, 1984 को इंदिरा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। श्रीमती गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने थे । 1989 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिल्कुल एक नए उम्मीदवार यदुनाथ पांडेय प्रवेश हुआ था । उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को पराजित किया था। यदुनाथ पांडेय का प्रवेश रामनवमी जुलूस के मार्ग को तत्कालीन जिला प्रशासन द्वारा रोक दिए जाने के कारण प्रवेश हुआ था। रामनवमी जुलूस के आंदोलन को गंतव्य तक पहचाने के चलते ही यदुनाथ पांडेय हजारीबाग से सांसद चुन लिए गए थे। इसी कालखंड में 21 मई 1991 को राजीव गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दौरान कुछ महीनो के लिए चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद पी.वी.नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री बने थे 1996 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के एक उम्मीदवार के रूप में महावीर लाल विश्वकर्मा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार भुवनेश्वर मेहता को हराया था । इसी कालखंड में मात्र 16 दिनों के लिए अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद लगभग 1 साल के लिए एच.डी देवगौड़ा देश के प्रधानमंत्री बने थे। 1998 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से यशवंत सिन्हा को उतार गया था।? यशवंत सिन्हा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को हराया था। इस दौरान 1997 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में आई. के.गुजराल थे। 1999 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार अकलू रम को हराया था। तब देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई थे। यशवंत सिन्हा एक केंद्रीय मंत्री के रूप में हजारीबाग का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया था। 2004 के लोक सभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने भाजपा के के नेता यशवंत सिन्हा को हराया था। तब अटल बिहारी वाजपेई की सरकार को लोकसभा चुनाव में बहुमत नहीं आने के कारण उनकी सरकार चली गई थी। तब कांग्रेस पार्टी के डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्रसे भारतीय जनता पार्टी के नेता यशवंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सौरव नारायण सिंह को पराजित किया था । सौरव नारायण सिंह विधायक थे। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़े थे। सौरभ नारायण सिंह रामगढ़ राज्य के तीसरी पीढ़ी के थे। तब देश के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिंह को उम्मीदवार बनाया था। जयंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सौरभ नारायण सिंह को भारी मतों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता ने अपार जन समर्थन दिया था। फलस्वरुप केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी । नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से एक बार फिर जयंत सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार बनाया था। जयंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के गोपाल साहू को लगभग चार लाख से अधिक मतों से पराजित कर अपना परचम लहरा दिया था। देश की जनता ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए को भारी समर्थन दिया था। नरेंद्र मोदी पुणे देश के प्रधानमंत्री बने। 2019 के लोकसभा चुनाव में 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली सीटों की तुलना में अधिक सांसद जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 17 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सभी उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत के दावे कह रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जे.पी. पटेल के बीच है। दोनों के बीच कांटे का संघर्ष है। गौरतलब है कि दोनों उम्मीदवार पहली बार हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों विधायक हैं है केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को चुनाव होना है। देखना यह है कि हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र की जनता मनीष और पटेल में किसे अपना सांसद चुनती है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### घातक है धार्मिक विभाजन

इंडिया गठबंधन की सरकारें अपने अपने राज्यों में अपने अपने हिसाब से नीतियां अपनाएंगे। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में पुलिस बहाली में एसटी एससी और ओबीसी को कोई चारा नहीं डालती है और वह 200 मुस्लिम पुलिस इंस्पेक्टर एकमुश्त बहाल करती है लेकिन भाजपा को छोड़कर कोई आदिवासी संगठन या राजनीतिक दल चूं तक नहीं करते। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है वहां एसटी, एससी और ओबीसी के लिए संवैधानिक आरक्षण को मुसलमानों दे रही है केरल में भी एसटी एससी और ओबीसी के शत प्रतिशत



आरक्षण पर मुसलमान काबिज है इस पर भी भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दल मौन हैं। भारतीय जनता पार्टी को हराने के चक्कर में यह भारतीय समाज भारत में गजवा ए हिन्द (इस्लामी राष्ट्र) लाने के लिए क्यों उतावला है। जबकि देश के अनेक हिस्सों मुस्लिम नेताओं का तथा मुस्लिम संगठनों की ओर से धमकी दिया जा रहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार हटने के बाद हम जैसा चाहेंगे वैसा करेंगे गैर मुस्लिम एसटी एससी और ओबीसी केरल, काश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित देश के दूसरे राज्यों में भी तो हैं लेकिन उनका अस्तित्व क्या है? गैर मुस्लिम एसटी एससी और ओबीसी पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान में भी तो थे आज उनका अस्तित्व क्या है? एसटी एससी और ओबीसी का अस्तित्व दुनिया में तभी तक है जबतक सनातन धर्म और संस्कृति का अस्तित्व है अन्यथा ईसाई और इस्लाम एसटी एससी और ओबीसी को निगलने के लिए तैयार है। जब कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर घोषणा किया किया कि देश की संपूर्ण संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है तब भारत के किसी भी हिस्से से न आदिवासियों ने विरोध किया न दलितों ने विरोध किया और न ओबीसी (पिछड़ों) ने विरोध किया, सड़क से संसद तक अगर कोई विरोध किया तो भारतीय जनता पार्टी ने किया देश विभाजन का विरोध किया तो भारतीय हिन्दू समाज ने किया। आज वर्तमान भारत का अस्तित्व है तो 21 लाख हिन्दुओं के बलिदान (कत्लेआम) के कारण है और शायद इसी लिए हिन्दुओं को तोड़ने के लिए अंग्रेजों की चाल पर चलते हुए कांग्रेस ने एसटी एससी और ओबीसी में विभाजित किया है ताकि हिन्दू कभी हिन्दू एकजुट होकर राष्ट्र के साथ खड़ा न हो जाए

**- स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी प्रांत संयोजक मार्ग दर्शक मंडल, विश्व हिन्दू परिषद् सह प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति झारखंड।**

विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर विशेष

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन




डॉ. रमेश ठाकुर

**एड्स** से निजात के लिए हमें सिर्फ सतर्कता और जागरुकता पर ही निर्भर नहीं होगा, इसके आगे भी सोचना पड़ेगा। आगे सोचने का मतलब, एड्स की वैक्सीन, दवा या टीके के अविष्कार की ओर कदम बढ़ना? क्योंकि दिनों दिन ये लाइलाज बीमारी भयाभय रूप लेता जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं? जिसका मात्र नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप जाती हैं। लोग भगवान से दुआ करते हैं, उन्हें कोई भी हारी-बीमारी क्यों न हो जाए, पर एड्स न हो? एड्स समाज की सबसे बड़ी कलंकित बीमारी है। कलंकित इसलिए क्योंकि इस बीमारी के चलते समाज में असमानता फैल रही है जो सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं? यही

**प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं?**

कारण है, एचआईवी लक्षण पता होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से समाज एक तरह से नकार ही देता है। एड्स हो जाने के बाद समाज के अलावा सगे-संबंधी भी दूरी बना लेते हैं। तब दुखी होकर पीड़ित एकांतवास जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। जबकि, देखा जाए तो एड्स की बीमारी मौत का तत्काल कारण नहीं बनती। एड्स रोगी लंबा जीवन जीते हैं। इसे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी कहें, या हुकूमतों की लापरवाही? दशकों बीत जाने के बाद भी एड्स वायरस पर विजय प्राप्त नहीं हो सकी और न ही आजतक कोई मुकम्मल दवा या वैक्सीन बन सकी। एड्स से बचाव के लिए हम आज भी मात्र सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर हैं, जो नाकाफी हैं। दरकार, अब वैक्सीन और दवा की है। पहले के रिसर्च में यह तो तय हो चुका है कि एचआईवी एड्स की बीमारी जानलेवा है। चपेट में आने वाले मरीज की मौत होना निश्चित है। क्योंकि, एचआईवी के वायरस अपनी स्थित को बहुत तेजी के साथ बदलते हैं। एचआईवी का वायरस मरीज के प्रतिरक्षा सिस्टम पर सीधा प्रहार करता है। वायरस अपनी मौजूदगी को नित बदलता रहता है। हिंदुस्तान के अलावा पूरे संसार की बात करें, तो एड्स पीड़ितों की संख्या इस समय लाखों-हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों-अरबों में हैं। पिंड छुड़ाने के लिए देश-विदेश की हुकूमत लाखों नाकाम कोशिशें करती हैं। हालांकि रिसर्च-औषधियों के शोध लगातार जारी हैं।

## फेसबुक वॉल से




## X - से




बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृंदावन

**जिसमे** हम आपको प्रेम मंदिर के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहें हैं

**प्रेम मंदिर का इतिहास**

प्रेम मंदिर का इतिहास ज्यादा वर्ष पुराना नहीं है। आपको बता दें कि इस मंदिर की आधारशिला 14 जनवरी 2001 को जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के द्वारा हजारों भक्तों की उपस्थिति में रखी थी। प्रेम मंदिर श्री वृंदावन धाम को समर्पित था जिसे जगद्गुरु कृपालु प्रतिष्ठा (जेकेपी) के प्रायोजन के तहत बनाया गया था, जो एक अंतरराष्ट्रीय, गैर-लाभकारी, आध्यात्मिक, शैक्षिक, सामाजिक और धर्मार्थ संगठन है। इस संगठन की स्थापना स्वयं जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा की गई थी। आपको बता दें कि प्रेम मंदिर का निर्माण होने में लगभग 11 से 12 साल का समय लग गया था। मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद इसे 15 फरवरी से 17 फरवरी 2012 तक उद्घाटन समारोह के



बाद 17 फरवरी को जनता के लिए खोल दिया गया।

**2. वृंदावन का प्रेम मंदिर की वास्तुकला**

वृंदावन का प्रेम मंदिर एक बेहद भव्य संरचना है जिसका निर्माण पूरा होने में हजारों कारीगरों ने दिन-रात काम किया था। आपको बता दें कि मंदिर का निर्माण होने में लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

(क्रमशः)

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# प्रधानमंत्री के रोड शो और सामाजिक समरसता



मृत्युंजय दीक्षित

**भारतीय** जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार हैं। परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निर्माता हैं। जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है। वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था। अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान गुंजायमान कर दिया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### कैब ड्राइवर वसूल रहे दुगुना किराया, जानें फेक फेयर स्क्रीन स्कैम क्या है?

**क्या** आप भी कहीं जाने के लिए कैब बुक करते हैं। तो बता दें, आपको कैब ड्राइवर वसूल रहे दुगुना किराया है। उबर कंपनी ने किया सावधान। आखिर क्या है फेक स्क्रीन स्कैम, इससे कैसे बचा जाएं। नकली स्क्रीन एक डुप्लीकेट स्क्रीन होती है जो सवारियों से अतिरिक्त किराया वसूलने के उद्देश्य से बनाई गई वास्तविक उबर ऐप के समान दिखती है। कई सालों में भारत में ऑनलाइन कैब बुकिंग ऐप्स तेजी से लोकप्रिय हो गए है। आज भारत के कई शहरों में ऑनलाइन कैब बुकिंग उपलब्ध है। इन ऐप्स की मदद से कहीं भी आसानी से कैब बुकिंग करवाई जा सकती है। फिलहाल इन कैब बुकिंग ऐप्स के जरिए ग्राहकों के साथ ठगी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। बता दें, कुछ दिन पहले दिल्ली में कैब सर्विस कंपनी उबर के ड्राइवर द्वारा फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर ग्राहक से दोगुना किराया वसूल रहे है। इस तरह की शिकायत बेंगलुरु से भी मिलीं। कैब ड्राइवर्स द्वारा किया जा रहा एक स्कैम है।

उबर कंपनी ने इस स्कैम को लेकर यात्रियों को सावधान किया है। उबर ने कहा है कि यह फेक फेयर स्क्रीन स्कैम है, जिसे दिखाकर उबर ड्राइवर आपसे ज्यादा किराया वसूल सकता है। इससे सावधान होने की जरुरत है।

**क्या है फेयर स्क्रीन स्कैम?**

नकली स्क्रीन एक डुप्लीकेट स्क्रीन होती है जो सवारियों से अतिरिक्त किराया वसूलने के उद्देश्य से बनाई गई वास्तविक उबर ऐप के समान दिखती है।

**फेक फेयर स्क्रीन स्कैम से बचने की तरीका**

- कैब बुकिंग के दौरान ऐप में दिखाया गया किराया जरुर चेक करें।
- राइड शुरू होने से पहले ड्राइवर से किराए की राशि की जरुर पूछें।
- अपने फोन ऐप में चेक करें कि दोनों जगह दिख रहा किराया एक है या नहीं। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्वाति ने बताई आपबीती, कहा- मारा, घसीटा और अपशब्द कहे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में स्वाति ने आपबीती बतायी है। उनका कहना है कि उन्हें थप्पड़ मारे गए, घसीटा गया और पेट और निचले हिस्से में मारा गया। साथ ही उन्हें कहा गया, तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी, ... तेरी



औकात क्या है।

दिल्ली पुलिस की एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने कहा कि वे 13 मई को सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मिलने गई थीं। यहां मुख्यमंत्री के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की। वे उनपर चिल्लाए और कहा, तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी? .... तेरी औकात क्या है कि हमको न कर दे। समझती क्या है खुद को, नीच औरत। तुझे तो हम सबक सिखायेंगे। मालीवाल ने कहा कि पहले उन्हें थप्पड़ मारे गए। इसके बाद बार-बार छाती, पेट और निचले हिस्से में मारा गया। बिभव ने उन्हें कहा, कर ले तुझे जो करना है। तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। तेरी हड्डी पसली तुड़वा देंगे और ऐसी जगह गाड़ेंगे किसी को पता भी नहीं चलेगा। उन्होंने बार-बार कहा कि उनके पीरियड चल रहे हैं। मारपीट के बाद वे सौफे पर बैठ गई और पुलिस को कॉल की। इसी बीच बिभव गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को ले आया।

**जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, एक दिन सच्चाई सामने आएगी : मालीवाल**

स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे 'राजनीतिक हिटमैन' को खुद को बचाने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा, जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। हालांकि स्वाति के सोशल मीडिया पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि वे किसे 'राजनीतिक हिटमैन' कह रही हैं। वीडियो मुख्यमंत्री आवास में उस दिन का है। इसमें सुरक्षा कर्मी स्वाति मालीवाल को बाहर जाने को कह रहे हैं। दूसरी ओर वह कह रही हैं कि उन्होंने 112 नंबर कॉल की है। वह पुलिस को बुला रही हैं। वीडियो कमरे के दरवाजे पर खड़े किसी व्यक्ति ने बनाया है।

# एसिड अटैक सरवाइवर्स की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



इनकी डिजिटल केवाईसी नहीं बन रही

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने एसिड अटैक सरवाइवर्स को डिजिटल केवाईसी नहीं मिलने पर केन्द्र सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय में एसिड अटैक सरवाइवर्स ने डिजिटल केवाईसी की मांग को लेकर एक याचिका दायर की थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने खुद इस मामले की सुनवाई की और कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से एक समावेशी डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया लाने के लिए दिशा निर्देश देने की मांग की है।न्यायालय ने कहा कि इस दिशा निर्देश में एसिड अटैक सरवाइवर्स और आंख गंवाने वाले व्यक्तियों को भी शामिल किया जाए। वहीं मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। 9 एसिड अटैक सरवाइवर्स ने याचिका दायर की और कहा कि अगर वह इस हमले में किसी भी तरह से बच भी गए तो उनका जीवन खत्म नहीं हो जाता है। उन्हें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एसिड अटैक सरवाइवर्स ने कहा कि बैंक अकाउंट खोलने से लेकर सिम कार्ड खरीदने तक उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में केंद्र सरकार केवाईसी के लिए एक अलग से दिशा निर्देश दे।याचिका दायर करते हुए एक एसिड अटैक सरवाइवर रेशमा खातून ने मीडिया से बात करते हुए बताया था कि रोजमर्रा की जिंदगी में उन्हें सिम कार्ड लेने से लेकर बैंक अकाउंट खुलवाने बैंकिंग कार्यों को करने और आधार कार्ड बनवाने में तमाम तरह की की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि ऐसे में उन्हें पति भाई या किसी परिजन के नाम पर सिम लेने या अकाउंट खुलवाने के लिए कहा जाता है। उन्होंने ने बताया था कि आधार बनवाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, और जब उनका आधार ही नहीं बन पाएगा, तो ऐसे में उनकी पहचान कैसे हो पाएगी। पीड़ितों ने न्याय के लिए सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी।

# विश्व कल्याण के लिए हम भारत को बनाना चाहते हैं महाशक्ति : राजनाथ

**एजेंसी। बलिया**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि हम भारत को महाशक्ति बनाना चाहते हैं। किसी पर आक्रमण के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए। उन्होंने कहा कि 21 हजार करोड़ का निर्यात करके आया हूं। चार हजार करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल भी भारत ने निर्यात किया है। आगे पांच सालों में भारत करिश्मा करेगा। हम आंख नहीं दिखाते। यदि किसी ने आंख दिखाई तो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। रक्षामंत्री सिंह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में सिकंदरपुर स्थित गांधी इंटर कालेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा पार्टी समाप्त पार्टी है। 2015 में ही साइकिल की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 और 2022 में भी चेन नहीं चढ़ी। जिस साइकिल पर चेन ही नहीं हो वह आगे कैसे बढ़ेगी। जैसे विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। उन्होंने देवरहा बाबा को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक राजनीतिक रूप से समझदार हो गया है। चार चरणों में दुनिया ने मान लिया है कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतकर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश में नेताओं ने इतने वादे किए हैं कि जनता का विश्वास कम हो गया है। इस विश्वास के संकट को यदि चुनौती के रूप में किसी दल ने स्वीकार किया है तो वह भाजपा है। उन्होंने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनाने के बाद हमने जो भी कहा था, वह अक्षरशः पूरा किया। सपा कांग्रेस वाले राममंदिर की तारीख पूछते थे। हमने भव्य मंदिर बनाया। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस समय लोगों के अंदर दायित्वबोध पैदा होगा, उसी दिन रामराज्य आ जाएगा।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि चीन के मामले पर कांग्रेस गुमराह कर रही है। चीन से बराबरी की बात चल रही है। पीओके हमारा था, है और रहेगा। अब तो पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि हम भारत के साथ रहना चाहते हैं। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत का मस्तक ऊंचा करने के लिए सहयोग चाहिए। हमने फैसला किया है कि देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। क्या यह तानाशाही है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के लोग आपस में लड़ रहे हैं।

**सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा**



उन्होंने कहा कि नागरिकता का कानून लाया गया तो हाय-तौबा मचाई गई। सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई वे लोग कहते हैं कि 400 सीटें आई तो भाजपा लोकतंत्र का गला घोंट देगी। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल लोकतंत्र का गला नहीं घोंट सकता। मोदी ने दस सालों में एक भी सरकार भंग नहीं की।

## यूपी रोडवेज की बस और ट्रक में टक्कर 5 महिलाओं की मौत

**भरतपुर।** जयपुर-आगरा हाईवे पर भरतपुर के हलैना के पास शुक्रवार को दोपहर में जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन के अलीगढ़ डिपो की बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। हाईवे पर जयपुर की तरफ जा रहा लकड़ियों से भरा ट्रक आगे चल रहा था। ट्रक की स्पीड कम थी। बस की स्पीड तेज थी। बस ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान सामने से दूसरा ट्रक आया तो बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की जगह साइड में चल रहे ट्रक में बस घुसा दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। इसी बीच ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 3-5-7
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-9
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**मिथुन** — शुभांक 2-5-7
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**कर्क** — शुभांक 5-6-7
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह** — शुभांक 4-6-7
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कन्या** — शुभांक 6-8-9
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें।

**तुला** — शुभांक 6-7-8
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-8
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**धनु** — शुभांक 5-6-7
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।


**मकर** — शुभांक 5-8-9
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ** — शुभांक 3-7-9
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन** — शुभांक 1-6-9
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। हड़बड़ी-आगे गंभीर वाली हानि का लाभ दिन है। नेताओं का व्यावहारिक योग है अपनाये। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। हड़बड़ी-आगे गंभीर व्यवहार चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

## चारधाम यात्रा

# केदारनाथ धाम मार्ग पर बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्री वाहनों की एंट्री बंद



**केदारनाथ/देहरादून।** चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम तक बिना पंजीयन के आने वाले वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में सीमित स्थान होने के कारण स्थानीय प्रशासन केवल निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही वाहनों को प्रवेश दे रहे है। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने शुक्रवार को चौकी जवाड़ी पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने वालों की एक निश्चित क्षमता है।

## पटना के निजी स्कूल से मिला चार साल के छात्र का शव

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र में एक स्कूल में छात्र का शव मिलने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सड़क जाम कर हंगामा किया और स्कूल में भी आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, चार साल का आयुष गुरुवार को स्कूल गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन दिन भर बच्चे के घर जाने की बात बताता रहा। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में बच्चा एक बार दिखाई दिया है, उसके बाद वह क्लास से गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद रात में करीब ढाई बजे बच्चे का शव स्कूल के गटर से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया और स्कूल भवन में आग लगा दी।

**संदेशखाली स्टिंग वीडियो**

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने गिरफ्तार भाजपा नेता को रिहा करने का दिया आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार को झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संदेशखाली की महिला भाजपा नेता मम्पी दास को रिहा करने का आदेश दिया। एक स्थानीय भाजपा नेता के स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था जिसमें कहा गया था कि महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन की पटकथा भाजपा ने रची थी और उसी ने उसे कार्यान्वित किया था तथा इसमें दास की महत्वपूर्ण भूमिका थी। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने गिरफ्तारी के लिए अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे किसका हाथ है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने दास को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया और उनके खिलाफ लगाई गई आईपीसी की धारा 195ए (गलत साक्ष्य देने की धमकी के लिए सजा) पर रोक लगा दी।

## ईडी की 8वीं चार्जशीट में आप, सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को अपनी आठवीं चार्जशीट दायर की। ईडी ने इसमें आप और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया है। गुरुवार को ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि आप और उसके राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ अभियोजन शिकायत पाइपलाइन में है और जल्द ही विशेष अदालत के समक्ष दायर की जाएगी। एएसजी राजू ने यह दलील तब दी जब केजरीवाल की अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर बहस हो रही थी।

# भारत-मंगोलिया की बैठक में द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

- *दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया*

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच 12वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक 16-17 मई को उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग दावगादोरज ने की। बैठक में मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी शामिल हुए।

जेडब्ल्यूजी की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता और योग्यता पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की।

## अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत : कमला

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतवंशियों को अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यह मांग करते हुए अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए। कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दर्शाती। वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णामूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं।

## पर्यटन के विकास से चीन में आर्थिक विकास की निहित शक्ति दिखती है



**बीजिंग।** हर साल 19 मई को चीन का पर्यटन दिवस है। इस साल 14वां पर्यटन दिवस 1 से 31 मई तक मनाया जा रहा है, जिसका विषय है पूरे चीन में घूमें और सुखी जीवन का आनंद लें। पर्यटन दिवस के दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल यात्रियों को लाभ पहुंचाने वाले तरह-तरह कदम उठाते हैं, ताकि पर्यटन में भाग लेने के लिए अधिक नागरिकों को आकर्षित किया जा सके। दस से अधिक सालों के विकास के बाद यह देशव्यापी दिवस व्यापक यात्रियों में लोकप्रिय होने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार इस साल के मई दिवस की छुट्टियों के दौरान चीन में 29 करोड़ 50 लाख लोगों ने यात्रा की, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।

**कोविड टीके पर सवाल** | **बीएचयू के शोधकर्ताओं ने किए चौंकाने वाले खुलासे**

# कोवैक्सिन लेने वाले 30%लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं

- *कोमोरबिडिटी वाले वयस्कों में वैक्सीनेशन के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की आशंका दो गुना से अधिक दिखी*
- *कोवैक्सिन की दो खुराक लेने वाले वयस्कों की तुलना में तीन खुराक लेने वालों में जोखिम चार गुना अधिक*

## टीकाकरण करा चुके चार लोगों की मौत




अध्ययन के मुताबिक कोवाक्सिन ले चुके चार वयस्कों की मृत्यु (तीन महिला व्यक्ति, एक पुरुष व्यक्ति) भी हुई। ये चारों डायबिटीज के शिकार थे, और तीन में हाई ब्लड प्रेशर की भी दिक्कत थी। चार में से दो मौतें स्ट्रोक के कारण हुईं, जबकि एक मृत्यु पोस्ट-कोविड-19 राइनो सेरेब्रल म्यूकोर्मिकोसिस के कारण रिपोर्ट की गई। म्यूकोर्मिकोसिस को ब्लैक फंगस संक्रमण माना जाता है, रिपोर्ट के मुताबिक ये कथित तौर पर टीकाकरण के बाद फैल गया था। शोधकर्ताओं के अनुसार कोवाक्सिन के कारण होने वाली गंभीर समस्याओं को समझने के लिए विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है। अध्ययन में कहा गया है कि कोमोरबिडिटी वाले वयस्कों में वैक्सीनेशन के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की आशंका दो गुना से अधिक देखी गई है।

**आरपी सिंह। वाराणसी**

एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन (भारत में कोविशील्ड) के दुष्प्रभाव को लंदन की एक अदालत में स्वीकार करने के बाद अब भारत में बचाव करते हुए कह रही है कि वैक्सीन के कारण होने वाले दुष्प्रभाव काफी दुर्लभ हैं, 10 लाख में से 8-10 लोगों में इसका जोखिम हो सकता है। लेकिन इसी कोविशील्ड को लेकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) द्वारा जारी हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया है कि सिर्फ कोविशील्ड ही नहीं अन्य टीकों के कारण भी लोगों में कई प्रकार के दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। शोध में अध्ययनकर्ताओं ने बताया है कि कोवाक्सिन लेने वाले भी करीब 30 फीसदी लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

बीएचयू में शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा एक साल के अनुवर्ती अध्ययन के अनुसार, भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवाक्सिन प्राप्त करने वाले लगभग एक-तिहाई लोगों एक साल बाद तक कई दुष्प्रभावों की शिकायत की है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कोविड के टीके वास्तव में सुरक्षित नहीं हैं? जिन लोगों ने वैक्सीन ले ली है उन्हें अब किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए? 926 प्रतिभागियों पर किए गए इस अध्ययन में लगभग 50 प्रतिशत ने शोध की अवधि के दौरान भी संक्रमण की शिकायत की। कई लोगों में ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण देखे गए। इतना ही नहीं कोवाक्सिन ले चुके लगभग एक फीसदी लोगों में इसके गंभीर साइड-इफेक्ट्स भी देखे गए जिसके कारण लोगों ने स्ट्रोक और गुइलेन-बैरी सिंड्रोम जैसी समस्याओं की भी शिकायत की।

जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में 635 किशोरों और 291 वयस्कों को शामिल किया गया था। शोधकर्ताओं ने बताया कि कोवाक्सिन ले चुके लोगों में तीन प्रकार के गंभीर लक्षण रिपोर्ट किए गए हैं। 10.5 प्रतिशत लोगों में त्वचा से संबंधित समस्या, 10.2 प्रतिशत में सामान्य विकार और 4.7 प्रतिशत में तंत्रिका से संबंधित समस्याएं देखी गईं। 4.6 प्रतिशत महिला प्रतिभागियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं भी देखी गईं। 2.7 प्रतिशत व 0.6 प्रतिशत प्रतिभागियों में नेत्र संबंधी असामान्यताएं और हाइपोथायरायडिज्म के मामले रिपोर्ट किए गए हैं।









# फीफा महिला विश्व कप २०२७ का मेजबान होगा ब्राजील




**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूनार्मेंट का 10वां संस्करण होगा। शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा।

ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया। अप्रैल में, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका ने भी ऐसा ही किया था। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस ने भी पहले प्रतियोगिता की मेजबानी की है। 1991 में अपनी शुरूआत के बाद से, फीफा महिला विश्व कप का कद और लोकप्रियता बढ़ी है। उद्घाटन टूनार्मेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों के साथ, प्रतियोगिता का विस्तार होकर इसमें 32 टीमें शामिल हो गई हैं।

## टी20 विश्व कप 2024

# 27 से 1 जून तक खेले जाएंगे अभ्यास मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा गुरुवार देर रात कर दी है। मैच सोमवार 27 मई से शनिवार 1 जून तक पूरे अमेरिका में और वेस्ट इंडीज में त्रिनिदाद और टोबैगो में दो स्थानों पर खेले जाने हैं। 16 अभ्यास मैचों की मेजबानी के स्थान ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी टेक्सास, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा और त्रिनिदाद और टोबैगो में क्वींस पार्क ओवल व ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी हैं। अभ्यास मैच 2-20 ओवर के खेले जाएंगे और इन्हें अंतरराष्ट्रीय टी20 दर्जा नहीं होगा क्योंकि टीमों को अपने 15-खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति होगी। टीमों के पास अब आयोजन में आगमन के समय के आधार पर दो अभ्यास मैच खेलने का विकल्प होगा।

### अभ्यास मैचों के कार्यक्रम इस प्रकार हैं

**सोमवार 27 मई-**
कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो

**मंगलवार 28 मई**
श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा बांग्लादेश बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**बुधवार 29 मई**
दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ़्लोरिडा अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**गुरुवार 30 मई**
नेपाल बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शुक्रवार 31 मई**
आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शनिवार 1 जून**
बांग्लादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी यूएसए



**शुक्रवार को महिला वर्ग में खेले गए दो मैच**

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और हॉकी गुमला की टीम ने हासिल की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2024 से 02 जून तक आयोजित प्रथम हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज चौदहवें दिन महिला वर्ग के 02 मैच खेले गए। पहले मैच में हॉकी गुमला ने साई रांची को 02- 01 से तथा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू ने न्यू राइजिंग स्टार हुलहुन्दू को 03-00 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया। साई रांची की ओर से 11वें मिनट में प्रियंका डांग ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिलाई एवं हॉकी गुमला की ओर से 13वें मिनट में पूनम बारला ने गोल कर अपने टीम को बराबरी की तथा 29वें मिनट में दीपिका होरो ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू की ओर से 4थे 33वें एवं 57वें मिनट में रोशनी आइन्द ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# आखिरी प्लेऑफ स्थान के लिए CSK VS RCS

**एजेंसी। बेंगलुरू**

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेऑफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी। इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं।

आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद सिराज, ग्रीन और स्वप्निल सिंह के सामने कड़ी चुनौती है। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली है। पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम को मुस्ताफिजूर रहमान, मथीषा पथिराना और दीपक चाहर की कमी खल रही है। महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी चेन्नई के लिए प्रेरणास्रोत है लेकिन देखना होगा कि वह चोट के बीच कितना योगदान दे पाते हैं।



**चेन्नई सुपर किंग्स :** राचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेट कीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, यश दयाल, मोहम्मद सिराज, स्वप्निल सिंह


## तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बैंकॉक।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा गुरुवार को थाईलैंड ओपन 2024 बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं है। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और लिन यू-पेई को 21-19, 21-17 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को शुरूआती दौर में बाई मिली थी। वहीं, रूतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी के हाथों 21-16, 21-13 से हारकर बाहर हो गईं।

# रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर कल से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में आगामी 19 मई को प्रातः सात बजे होगा। प्रशिक्षण शिविर में रांची जिले के किसी भी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस-बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला टीम की घोषणा की जाएगी। यह प्रशिक्षण शिविर के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार की देखरेख में सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे तक प्रतिदिन चलेगा। यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।



# आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ मिलेगा संशोधित केंद्रीय अनुबंध

**एजेंसी। डबलिन**

क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) और आयरिश क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के बीच एक समझौते के बाद आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ संशोधित केंद्रीय अनुबंध भी मिलेगा। खिलाड़ी जून में आगामी टी20 विश्व कप में अनुबंध पर खेलने जा रहे थे जो इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। गुरुवार शाम को सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ी अनुबंध की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं और दोनों पक्ष समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं। सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह समझौता क्रिकेट आयरलैंड और अनुबंधित खिलाड़ियों के बीच समग्र संबंधों को सुरक्षित करेगा और दुनिया भर के अन्य फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन से जुड़े देशों में मौजूद सर्वोत्तम अभ्यास संबंधों को प्रतिबिंबित करेगा। अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची अभी घोषित नहीं की गई है लेकिन बयान में पुष्टि की गई है कि संशोधित अनुबंध सूची शीघ्र ही जारी किए जाएंगे और फरवरी 2025 के अंत तक लागू होंगे। सीआई के मुख्य कार्यकारी, वॉरेन ड्यूट्रोम ने बयान में पुष्टि की कि खिलाड़ियों के वेतन में भी वृद्धि की गई है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला टीम



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें मूल्यवान सबक सिखाया है, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# एक लाख रुपये के डाउनपेमेंट में खरीद सकते हैं टाटा नेक्सॉन

**नई दिल्ली। कार फाइनैंस की बंपर चलन के बीच आप भी अगर इन दिनों अपने लिए कोई नई एसयूवी लोन लेकर खरीदने की सोच रहे हैं तो यह काफी आसान है। अब बात जब एसयूवी सेगमेंट की हुई तो टाटा मोटर्स की पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सॉन भी अच्छा विकल्प है और आप महज एक लाख रुपये डाउन पेमेंट के बाद इसके स्मार्ट और स्मार्ट प्लस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट्स को फाइनैंस करा सकते हैं और अपने घर ले जा सकते हैं। इसके बाद आपको कितना कार लोन लेना होगा और और किस ब्याज दर से कितने महीनों के लिए कितनी ईएमआई देनी होगी, आज हम आपको सारी जानकारी देने वाले हैं।**

**पहले कीमत और खासियत देख**



टाटा नेक्सॉन के पेट्रोल मैनुअल ऑप्शन में स्मार्ट और स्मार्ट प्लस वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस क्रमशः 8.15 लाख रुपये और 9.20 लाख रुपये है। इन दोनों वेरिएंट में 1199 सीसी का पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि 118.27 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। इनकी माइलेज 17.44 'स्त्र' की है। इस 5 सीटर एसयूवी में आपको मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम समेत काफी सारे और भी स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स मिल जाते हैं, जो कि इनकी प्राइस रेंज के अनुसार ठीक हैं। अब आपको नेक्सॉन के इन दोनों वेरिएंट की फाइनैंस डिटेल बताते हैं।

**टाटा नेक्सॉन स्मार्ट पेट्रोल मैनुअल वेरिएंट लोन डाउन पेमेंट ईएमआई डिटेल्स**

टाटा नेक्सॉन के पेट्रोल मैनुअल ऑप्शन में दूसरे सबसे सस्ते वेरिएंट नेक्सॉन स्मार्ट की ऑन-रोड प्राइस 9.15 लाख रुपये है। आप अगर इस एसयूवी को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट के साथ फाइनैंस कराते हैं तो फिर आपको 8.15 लाख रुपये लोन मिलेगा। कार लोन अगर 5 साल के लिए कराते हैं और ब्याज दर 9 फीसदी है तो फिर अगले 5 साल तक के लिए आपको हर महीने करीब 17 हजार रुपये ईएमआई के रूप में चुकाने होंगे। नेक्सॉन के इस वेरिएंट को ऊपरी शर्तों के अनुसार फाइनैंस कराने पर आपको 2 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे।

टाटा नेक्सॉन स्मार्ट प्लस पेट्रोल मैनुअल वेरिएंट लोन डाउन पेमेंट ईएमआई डिटेल्स

टाटा नेक्सॉन के तीसरे सबसे सस्ते वेरिएंट नेक्सॉन स्मार्ट प्लस की ऑन-रोड प्राइस 10.31 लाख रुपये है। आप अगर इस वेरिएंट को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट कर फाइनैंस कराते हैं तो फिर 9.31 लाख रुपये लोन लेना होगा। लोन अगर 5 साल के लिए 9 पर्सेंट ब्याज दर के हिसाब से कराते हैं तो फिर अगले 60 महीनों तक के लिए 19,326 हजार रुपये मासिक किस्त के रूप में चुकाने होंगे। नेक्सॉन स्मार्ट प्लस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट को ऊपरी शर्तों के साथ फाइनैंस कराने पर करीब 2.29 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे। टाटा नेक्सॉन के इन दोनों वेरिएंट में से कोई भी फाइनैंस कराने से पहले आप नजदीकी टाटा मोटर्स डीलरशिप पर जानकर लोन, ईएमआई समेत सारी डिटेल्स जरूर चेक कर लें।

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में और तेजी लाने की जरूरत : निर्मला सीतारमण

- **भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा।




# डॉल्बी एटमॉस साउंडबार भारत में हुई लॉन्च

**नई दिल्ली।** नए साउंडबार को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है। यह साउंडबार डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ आते हैं। गोवो की ओर से गोवो गो सराउंड 975 और 940 साउंडबार को लॉन्च किया गया है। यह पहला मेड इन इंडिया डॉल्बी एटमॉस साउंडबार हैं। गोवो गो सराउंड 975 और 940 को गुड़गांव के मानेसर फेसिलिटी में बनाया गया है।

**गोवो साउंडबार की डिजाइन और चिपसेट**



गोवो गो सराउंड 975 और 940 को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और डिजाइन के साथ बाजार में उतारा गया है, जिससे लोग घर पर अपने एंटरटेनमेंट का लुत्फ उठा पाएं। इन साउंडबार में एक शक्तिशाली चिपसेट है, जिससे डॉल्बी एटमॉस के डीप साउंड का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें एडवांस्ड डीएसपी सिग्नल प्रोसेसिंग और 2.1.2 कॉन्फिगरेशन दिया गया है। साउंडबार बेहतर ऑडियो क्वालिटी के साथ आते हैं।

**गोवो साउंड आउटपुट कितना है?**

साउंडबार में 400-वाट आउटपुट मिलता है। इसमें मेगा बास दिया गया है। इसमें यूनिवर्सल एचडीएमआई, ब्लूटूथ 5.3, ऑक्स और यूएसबी कम्पेटिबिलिटी ऑप्शन दिए गए हैं। नए साउंडबार में म्यूजिक, फिल्म और न्यूज का शानदार एक्सपीरिएंस मिलता है।

**गोवो साउंडबार कीमत और खरीदारी**

गोवो साउंडबार लॉन्च में डॉल्बी और चैनलप्ले ने नई दिल्ली में एक खास कार्यक्रम रखा, जिसमें ग्रैमी पुरस्कार विजेता कलाकार रिकी केज ने लाइव परफॉर्म किया। गोवो साउंड बार की कीमत 12,999 रुपये है। इसे आज से अमेजन से खरीदा जा सकेगा।

# जेईई एडवांस का एडमिट कार्ड हुआ जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने आज, 17 मई को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने जेईई एडवांस्ड 2024 परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है, वे मुख्य साइट से अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं ljeeadv.ac.if.जेईई एडवांस्ड एडमिट कार्ड सुबह 10 बजे जारी किया गया और इसके लिए एक सीधा लिंक उम्मीदवारों की पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल द्वारा भेजा गया।यह बहुप्रतीक्षित परीक्षा देश भर के आईआईटी और अन्य शीर्ष संस्थानों में प्रमुख इंजीनियरिंग डिग्री के लिए एक कदम के रूप में कार्य करती है। जिन लोगों ने परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की है, उनके लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करना एक महत्वपूर्ण कदम है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, जेईई एडवांस्ड परीक्षा 26 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जेईई एडवांस्ड पेपर 1 सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा और एडवांस्ड पेपर 2 दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।



# अब नेपाल ने भी एमडीएच और एवरेस्ट पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश एवं दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद से लगातार विवादों के घेरे में है। सिंगापुर, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट की बिक्री, खपत तथा आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दो भारतीय मसाला ब्रांडों एमडीएच एवं एवरेस्ट के आयात, उपभोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रवक्ता के मुताबिक इन दो ब्रांड्स के मसालों में केमिकल एथिलीन ऑक्साइड के स्तर के लिए परीक्षण की जांच चल रही है। अंतिम रिपोर्ट आने तक प्रतिबंध लागू रहेगा। इससे पहले अप्रैल महीने में सिंगापुर, हांगकांग एवं सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें बैन किया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है।






# राज्य में 20 को होने वाले मतदान में बूथों पर दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

**नवीन मेल संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होंगे। इस चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारी की है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के साथ आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई इंतेजाम किए हैं। बूथों को सजाने का काम अंतिम चरण में है। महिला, निशक्त और युवाओं के लिए अलग-अलग बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बूथों को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड की सभ्यता-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वैसे तो इस बार सभी मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं। कुछ ऐसे भी मतदान केंद्र होंगे, जहां मतदान की पूरी जिम्मेदारी महिला, निशक्त और युवा मतदान कर्मी उठाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण में 4589 लोकेशन में 6705 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 73 महिला, 13 निशक्त, 13 युवा और 36 यूनिक मतदान केंद्र होंगे। यूनिक बूथों पर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखेगी। वन, पर्यावरण और झरनों को दशार्ता मतदान केंद्र बनेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। महिला संचालित सर्वाधिक बूथ हजारीबाग में हैं, जहां 34 ऐसे बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा इस चरण में प्रत्येक बूथ पर औसतन 870 मतदाता वोट डालेंगे।

## आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार




रांची। देश के पांचवें व राज्य के दूसरे चरण का मतदान 20 मई को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। दूसरे चरण में झारखंड के चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। इसे लेकर शनिवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। 20 मई की सुबह सात बजे से होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी को 18 मई और 19 को रवाना किया जाएगा।

| | महिला बूथ | निशक्त बूथ | युवा बूथ | यूनिक बूथ |
|---|---|---|---|---|
| चतरा | 16 | 04 | 03 | 05 |
| कोडरमा | 23 | 01 | 04 | 20 |
| हजारीबाग | 34 | 08 | 06 | 11 |

## रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर चार जून तक धारा 144 लागू

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजधानी रांची में 16 मार्च को धारा-144 के तहत दो माह के लिए निषेधाज्ञा लागू की थी। इसकी अवधि पूर्ण होने पर शुक्रवार को एसडीओ ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की है। जिला प्रशासन के मुताबिक इस दौरान किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन और उम्मीदवार के जरिये राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 27 मई को

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला के जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 27 मई निर्धारित की है। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को ईडी की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था । मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है।

### हत्या मामले में जेल में बंद शशि महतो साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची ।** रांची। अपर न्यायायुक्त अरविन्द कुमार की अदालत ने शुक्रवार को नीलू लकड़ा हत्याकांड के आरोपित शशि महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई छोटू लड़का के आरोप को साबित करने के लिए नौ गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किये थे। लेकिन सभी गवाह और पुलिस द्वारा पेश किये गये साक्ष्य यह साबित करने के नाकाम रहे कि नीलू लकड़ा की हत्या शशि ने करवाई थी। केस दर्ज होने के बाद से शशि महतो जेल में बंद है।आरोपित शशि महतो की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। नीलू लकड़ा की हत्या वर्ष 2021 में रांची के नामकुम इलाके में गोली मारकर की गयी थी।

### लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित एसी बसों का किराया तय

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। वातानुकूलित, डीलक्स, सेमी डीलक्स बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय करते हुए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4,730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4,150 रुपये, 20 से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3,800 रुपये, मिनी बस 14 से 23 सीट तक वातानुकूलित 2,500 रुपये, कम सीट वाले मिनी बस 08 से 13 सीट तक वातनुकूलित बस का भाड़ा 1,650 रुपये और टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव हो रहा है। पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। शेष तीन चरण का चुनाव बाकी है।

### झारखंड हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की दायर जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है।

# चतरा लोस क्षेत्र के नक्सल प्रभावित इलाके में नौ बूथों के जगह बदले

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड में तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। इसमें अति नक्सल प्रभावित चतरा लोकसभा सीट भी शामिल है। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने चतरा लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टिकोण से नौ मतदान केंद्रों के स्थल में परिवर्तन किया है। पलामू का पांकी विधानसभा क्षेत्र चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पांकी का अधिकतर इलाका नक्सल प्रभावित माना जाता है। इलाके में सुरक्षा की दृष्टिकोण से नौ मतदान केंद्रों को रिलोकेट किया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए पलामू से पोलिंग पार्टी 19 मई को रवाना होगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र में 326 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



### इन मतदान केंद्रों को किया रिलोकेट

सुरक्षा की दृष्टिकोण से चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांकी विधानसभा के अपटी मतदान केंद्र को मिटार में, बिहरा मतदान केंद्र को सालमदिरी, बघमरी को सलमदिरी, होटाई को बनई में, भवरदह को बनई, गोगाड को हूरलौंग, आबुन को जांजो, गरीहारा को जोलहबीघा, केकरगढ़ को जोलहबिधा में रिलोकेट किया गया है। चतरा लोकसभा के अंतर्गत कई ऐसे इलाके हैं, जहां पहली बार पोलिंग पार्टी पैदल गुजरेगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र मनातू के चक के इलाके में 2019 के चुनाव तक मतदान कर्मी हेलीकॉप्टर से गए थे। पहली बार मतदान कर्मी इलाके में रोड के माध्यम गुजरेंगे। इलाके में वोटिंग को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

## जमीन घोटाला मामले में तापस घोष ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गांई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में आरोपित कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष ने शुक्रवार को जमानत याचिका दायर की है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में उनके अधिवक्ता ने जमानत याचिका दायर की। जमानत याचिका पर 21 मई को सुनवाई होगी। मामले में नौ मई को कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर को ईडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपित अभी ईडी के रिमांड पर हैं। इनसे ईडी पूछताछ कर रही है। जमीन के मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के तीनों मास्टरमाइंड हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर इनपर जमीन पर कब्जा कर खरीद-बिक्री करने का आरोप है।

# इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता। जेएमएम ने कभी राज्यवासियों के हित में काम नहीं किया। कांग्रेस एवं जेएमएम ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। तुष्टिकरण और वोट की राजनीति ही इंडी गठबंधन की पहचान है। जबकि एनडीए विकास आधारित राजनीति, स्पष्ट नीति एवं नेतृत्व के साथ चुनाव में है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष ने भादुडीह, चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण है। एक तरफ क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ सशक्त और विकासशील देश बनाने का संकल्प लेकर एनडीए जनता के बीच है और दूसरी तरफ बेमेल और स्वार्थ पर टिका गठबंधन है, जो चुनावों के नतीजे आने के बाद बिखर जायेगा।



सभी ग्राम प्रभारियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि हर गांव में एक नया लीडर और नेतृत्व देने के अधिकारी हैं हमारे ग्राम प्रभारी। राज्य व देश का विकास तब ही संभव है जब गांवों का विकास हो। राज्य के मुख्यमंत्री ही बिजली मंत्री हैं फिर भी पूरे राज्य में बिजली व्यवस्था धवस्त है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अपने पद का दायित्व बोध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के नतीजे में ही झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस के लिए कुर्सी खाली करने का संदेश भी सामने आयेगा।

# सभी रेलकर्मी 25 मई को करें वोट : डीआरएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जसमीत सिंह बिंद्रा ने अपने सभी रेल-कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई का दिन रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान का दिन है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सभी रेल कर्मी रांची हटिया क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं, उनसे आग्रह है कि 25 मई के दिन वे अपने मतदाता के अधिकार का पालन करें। पोलिंग बूथ जरूर जाये और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। यह आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य है। आप अपने मनचाही सरकार को चुन सकते



हैं, अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और लोकतंत्र में अपना योगदान प्रदान कर सकते हैं। यह पावन दिन पावन पर्व है।

## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोटिंग होनी है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में रांची संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, व्यय प्रेक्षक विरेंद्र कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी स्वीप दिनेश कुमार यादव व मतदाताओं ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सुजाता चौक और फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंची। सभी ने मतदाताओं से 25 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करने की अपील की।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुझे जनता का जो प्यार मिल रहा...**

को सामने आने दीजिए। हम आपको सच और ईमान के साथ खड़े दिखेंगे। मैं एक बात यह भी जोड़ूंगी कि जब किसी को सिर्फ राजनीतिक कारण से जेल भेजा जाता है तो यह भी बड़ा भ्रष्टाचार है।

**सवाल :** आपकी जेठानी सीता सोरेन पार्टी और परिवार छोड़कर भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रही हैं। वह आप लोगों पर कई तरह के आरोप लगा रही हैं।

**जवाब :** देखिए, उन्होंने अपना फैसला लिया। वह जो सोच रही हैं, जो कर रही हैं, वह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। हमारी दीदी हैं वो। पारिवारिक रिश्ते में उनका हमेशा सम्मान है। हमारे परिवार के ज्यादातर लोग सार्वजनिक जीवन में हैं और जनता हमारे बारे में सब कुछ जानती है।

**सवाल :** झारखंड में लोकसभा चुनाव में एक तरफ नरेंद्र मोदी का प्रभावशाली चेहरा है और दूसरी तरफ कई नेताओं के चेहरों वाला आप लोगों का गठबंधन। आपके हिसाब से इस मुकाबले का नतीजा 4 जून को क्या आने वाला है?

**जवाब :** उनका सिर्फ एक व्यक्ति-एक चेहरे पर जोर है और हमारा चेहरा करोड़ों जनता के चेहरे से कुछ अलग नहीं है। उनके चेहरे पर चढ़ा जुमलों पर नकाब उतर गया है। हमारी ओर से जनता खुद मुकाबले में उतरी है। जनतंत्र में जनता की ही जीत होगी। हमें भरोसा है कि हम झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा सीट पर जीत रहे हैं। वैसे, 4 जून में अब देर ही क्या है, पूरी तस्वीर सबके सामने होगी।

**चर्चा में हैं निर्दलीय प्रत्याशी...**

में इस सीट से 2009 में इंदर सिंह नामधारी निर्दलीय के रूप में चुनाव जीत सके हैं। इस बार फिर एक निर्दलीय प्रत्याशी की दमदार इंट्री आम जनता का ध्यान खीच रहा है। बरहाल भाजपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ निर्दलीय प्रत्याशी की चर्चा संसदीय क्षेत्र के लोगों में दिलचसपी बढ़ा रहा है। अब देखना है कि ऊंट किस करवट बैठेगा। मगर राजनीतिज्ञ विशलेषकों की माने तो चुनाव में बड़े दल के नेताओं को भी काफी मशक्कत करनी पड़ रहा है। इसके मूल में निर्दलीय प्रत्याशी हैं। माना जा रहा है। जो अपनी सोच व इनोवेटिव आइडिया से लोगों की दिलो में जगह बनाने में सफल हो रहा है।

**झामुमो ने सीता व लेबिन को पार्टी से...**

दोनों घटना यह दशार्ता है कि आपके पूर्व निर्धारित मंशा पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए आपके जरिये पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन आरोप लगाया जाता रहा है। इसलिए आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। वहीं लोबिन हेंब्रम के संदर्भ में कहा गया कि विभिन्न जन संवाद के माध्यम और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त सूचना से ज्ञात हुआ कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में आपने राजमहल लोकसभा क्षेत्र से नामांकन किया है। जो गठबंधन धर्म के विपरित है। साथ ही आपने पार्टी के कार्यकताओं को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया है। इस वजह से आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया जाता है।

**ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की...**

में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पक्ष रखा जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की।

## नाम वापसी के बाद सातवें चरण में कुल 52 उम्मीदवार : के रवि कुमार

# मतदान की गति और प्रतिशत बढ़ाने पर करें फोकस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि नाम वापसी के बाद सातवें चरण के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 52 उम्मीदवार रह गए हैं। उन्होंने बताया कि राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 2 लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में नियमित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि




2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सीटों पर कुल 240 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे। उनमें 222 पुरुष और 18 महिलाएं थीं। 2019 में यह संख्या 229 थी। जिसमें 204 पुरुष और 25 महिलाएं थीं। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 244 प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इनमें 212 पुरुष, 31 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। इसे लेकर जनजागरूकता के साथ तमाम उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए माइकिंग से मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए मोबलाइजेशन पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने में लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए मतदान की गति बढ़ाने के उपाय किये गये हैं। उसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो, मतदान की गति बढ़े और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़े। वहीं रिजर्व में रखे गए मतदानकर्मियों को भी जरूरत के अनुसार मतदान केंद्रों पर लगाया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के लिए जाते वक्त अपने साथ मतदाता सूची का सीरियल नंबर नोट कर जरूर लेकर जाएं।

### जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश से भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक कार्यालय केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा शुक्रवार से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के. रवि कुमार ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने बताया कि मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से धनबाद एवं दुमका इकाई के द्वारा भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता वाहन के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। अभियान के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक एवं संत जेवियर स्कूल, डोरंडा रांची के शिक्षक संतोष कुमार ने युवाओं एवं सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव के जैसा मनाने की अपील की। इस मौके पर उप निदेशक, जनसंपर्क आनंद, पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर आदि थे।



## गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो पूरी तरह फ्लॉप : राजेश ठाकुर

**रांची।** देश के गृहमंत्री अमित शाह का रांची के चुटिया मोहल्ला में रोड शो पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है। अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई, क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा। भरोसा है तो कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर। राहुल गांधी जी द्वारा जनता के लिए पूछे गए प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड़ शो करने को विवश कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जो पार्टी वंचितों से उनका अधिकार छीनना चाहती हो, देश का संविधान बदलना चाहती हो, अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड रुपये माफ की है, युवाओं को रोजगार के लिए भटकाती हो, किसानों को एमएसपी देने के बदले गालिया बरसाती हो, महिलाओं को इज्जत लूटने वालों को सम्मान देती हो वैसी भाजपा पर अब जनता का भरोसा कभी नहीं रहेगा।




# अमेठी और रायबरेली में इंडी गठबंधन-भाजपा के बीच प्रतिष्ठा की जंग

## मोदी ने छीना आपका फूड पार्क, मैं अमेठी का था, हूं और रहूंगा, आपसे मोहब्बत है : राहुल



उत्तर प्रदेश के अमेठी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता, लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। उन्होंने कहा कि हम अमेठी में फूड पार्क लेकर आए थे। फूड पार्क से अमेठी बदल जाती। यहां चिप्स, अचार, टोमैटो केचअप जैसे फूड प्रोसेसिंग के कई कारखाने लगते। फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता। लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही मैं अमेठी में फूड पार्क लगवाऊंगा। यह मेरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि 4 जून को हर प्रदेश के गरीब लोगों की लिस्ट बनेगी, हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और फिर 5 जून को हम कानून बना देंगे और हर महिला के अकाउंट में साल के एक लाख रुपए भेजेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे पापा ने 150 कोऑर्डिनेटर बनाए थे। उसमें किशोरी लाल शर्मा भी थे। किशोरी ने अमेठी में आपके लिए काम किया। आप बाकी कोऑर्डिनेटर को देखें, तो कोई कुछ न कुछ जरूर बन गया। कोई कहीं एमपी और एमएलए बन गए। सभी ने स्टेट तक चलाए, लेकिन, किशोरी लाल ने 40 साल अमेठी की जनता को दिए हैं। इन्होंने आपके लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया।

> *अमेठी में फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता, लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। फूड पार्क से अमेठी बदल जाती।*

**अमेठी**
**चुनावी रण**

## लोस चुनाव में रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली हैं : अमित शाह

लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान शाह ने दावा किया कि इस बार रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। मनोज पांडेय के भाजपा में आने से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की राह आसान होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि परिवारवादी लोग चाहते हैं कि उनके परिवार के लोग ही मुख्यमंत्री बने। बंगाल में ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, बिहार में लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। वो कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की सीट है, ये सीट किसी की नहीं बल्कि जनता की है, जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी। रायबरेली और अमेठी की सीटें भाजपा जीतेगी। गृह मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे।



> *रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की नहीं। ये सीट किसी की नहीं, बल्कि जनता की है। जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी।*

# कांग्रेस-सपा सरकार में आए तो राम मंदिर पर चलवा देंगे बुलडोजर : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी**

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अगर सपा-कांग्रेस की सरकार आई तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। कांग्रेस राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। पीएम मोदी शुक्रवार को बाराबंकी में जैदपुर मार्ग के पास एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा के बड़े नेता ने रामनवमी के दिन कहा कि राम मंदिर तो बेकार है। वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है। इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पावर ही मायने रखते हैं। सपा-कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो राम लला को फिर से टेंट में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म कर भव्य राम मंदिर में श्री रामलला को विराजमान कराया। पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को भद्दी भद्दी गालियां देते थे।

- **दोनों शहजादे सीएम योगी से ट्यूशन लें, कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं**
- **मोदी कभी हिंदू-मुसलमान नहीं करता इंडी के पापों का इतिहास बताता है**

### आपके अधिकार की रक्षा के लिए मांग रहा 400 पार

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संविधान बन रहा था तो बाबा साहब धर्म के आधार पर आरक्षण के सबसे बड़े विरोधी थे। यहां तक कि इनके परनाना ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। कर्नाटक में जितने मुसलमान थे उन सभी को रातों रात ओबीसी बना दिया। क्या एससी, एसटी, ओबीसी का हक आप इन्हें छीनने देंगे। पीएम ने कहा कि बिहार में चारा घोटाला के जो चैंपियन हैं, जिन्हें अदालत ने सजा दी है और तबियत खराब होने के बहाने बाहर घूम रहे हैं, वो कहते हैं कि पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपके अधिकारों की रक्षा के लिए 400 पार मांगता हूं।

### आपके एक वोट से बना राम मंदिर

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश में दमदार सरकार होती है तो फर्क भी साफ साफ दिखता है। कमजोर सरकार का पूरा फोकस इस बात पर होता है कि किसी तरह उनकी गाड़ी चलती रहे। भाजपा की दमदार सरकार का मतलब क्या होता है, ये हमारा अवध क्षेत्र बेहतर जानता है। जो पहली बार वोट डाल रहे हैं, जो युवा हैं उन्हें पता ही नहीं होगा कि 500 साल से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे पूर्वज संघर्ष करते रहे, बलिदान देते रहे, त्याग की पराकाष्ठा करते रहे। आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं जोकि इतिहास की बहुत बड़ी घटना है।

## भाजपा पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है : तेजस्वी

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र की बीजेपी सरकार को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग में भी सेना की तरह अग्निवीर योजना लाने की मंशा रखने का बीजेपी पर आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश भर में युवाओं के बीच जो सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है वह अग्निवीर योजना है। हमारी अधिकारियों से बात हुई है। सरकार पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि साल 2000 में भाजपा सरकार ने ही सबसे पहले पेंशन खत्म किया था, इससे लोगों में काफी आक्रोश है। युवाओं में आक्रोश है, खासकर उन नौजवानों में जिन्हें 4 साल में ही बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने पर इन युवाओं को शहीद का दर्जा भी नहीं दिया जाएगा। इस युवाओं को ना पेंशन का लाभ मिलेगा और ना ही कैंटीन की सुविधा मिलेगी। देश के नौजवानों को सताने वाला काम किया जा रहा है, तंग किया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर शिक्षकों को सताने के साथ-साथ मुसलमान और पिछड़ा समाज का शोषण करने का आरोप लगाया। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की ओर से भ्रष्टाचारी को ठोक कर जेल भेजने वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों को भाजपा में उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, टिकट दिया जा रहा है और जो बलात्कारी है उनको विदेश भाग दिया जा रहा है। बता दें, सम्राट चौधरी ने कहा था कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा से परेशान हैं। सभी भ्रष्टाचारियों को ठोक के जेल में डालूंगा, जो भ्रष्टाचार करेंगे उसे कोई बचा नहीं सकता है। पीएम मोदी की गारंटी है, सीएम केजरीवाल, हेमंत सोरेन, लालू यादव सबको जेल में ही रहना है।



*पहले ही इन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया*

## फिर पीएम बनेंगे मोदी, जल्द शुरू होगा पूर्ण बजट का काम : वित्त मंत्री

- *अगले पांच साल में वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 18 प्रतिशत होगा*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी बहुमत के साथ वापस आयेंगे और सरकार गठन के तुरंत बाद 2024-25 के पूर्ण बजट पर चर्चा शुरू होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापार संगठन सीआईआई के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अगले कुछ साल यही स्थिति बनी रहेगी। कहा, आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, अगले पांच साल में वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 18 प्रतिशत होगा। इस ऊंची विकास दर के पीछे बुनियादी वजह सरकारी नीतियों में स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त निर्णय हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की पीएलआई (प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन) योजना ने स्मार्टफोन इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है।



**चुनावी जंग का रोमांच** | **पांचवें चरण में 20 को यूपी के 14 सीटों पर होगा चुनाव**

## मुकाबले में पांच मंत्रियों को बचानी होगी साख

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मोदी सरकार के पांच मंत्रियों को अपनी साख बचानी होगी। इनके भाग्य का फैसला 20 मई को जनता करेगी। इस चरण में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा और योगी सरकार के मंत्री दिनेश सिंह रायबरेली से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं। पांचवे चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होगा। 2019 के चुनाव में सिर्फ रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस से रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर अली हैं। अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर लड़ रही हैं। उनके खिलाफ गांधी परिवार के खास किशोरीलाल शर्मा हैं। मोहनलाल गंज से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आर.के. चौधरी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा से प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक बार फिर से चुनावी रण में हैं। भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और वर्तमान में मंत्री भानु प्रताप वर्मा को उतारा है।



### रायबरेली से ताल ठोक रहे राहुल गांधी

इसके अलावा इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से ताल ठोक रहे हैं। उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है। राहुल गांधी ने इस चुनाव में वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से भी पर्चा भरा है। वायनाड में पहले ही वोटिंग हो चुकी है।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com